अंक दो दृश्य एक

सपना, प्रिविट ड्राइव, सीढ़ियों के नीचे की अलमारी

सीढ़ियों के नीचे की अलमारी में सोया छोटा हैरी बुरा सपना देख रहा है। वह हिलता–डुलता है, जब वह अपने आस–पास एक स्याह उपस्थिति महसूस करता है।

पेटूनिया आंटी *(मंच के बाहर से)*
हैरी। हैरी। ये बर्तन साफ़ नहीं हैं। **ये बर्तन नाक कटाने वाले हैं। हैरी पॉटर।** जाग जाओ।

छोटा हैरी *जागकर देखता है कि* पेटूनिया आंटी *उस पर झुकी हुई हैं।*

छोटा हैरी
पेटूनिया आंटी। कितना समय हो गया?

पेटूनिया आंटी
काफ़ी समय हो गया है। तुम जानते हो, जब हम तुम्हें रखने को राज़ी हुए थे, तो हमें उम्मीद थी कि हम तुम्हें सुधार सकते हैं – तुम्हें अच्छा इंसान बना सकते हैं। इसलिए हमें ख़ुद को ही दोष देना होगा कि तुम इतने निराशाजनक निकले।

छोटा हैरी
मैं कोशिश तो करता हूँ –

पेटूनिया आंटी
तो क्या? कोशिश करने का मतलब कामयाब होना नहीं है? काँच पर चिकनाई के धब्बे पड़े हैं। बर्तनों पर खरोंचों के निशान हैं। अब उठो और किचन में जाकर साफ़–सफ़ाई करो।

वह बिस्तर से उठता है। उसकी पैंट के नीचे गीलेपन का निशान है।

ओह नहीं। ओह नहीं। तुमने यह क्या किया? बिस्तर गीला कर दिया! एक बार फिर!

वे चादर खींचती हैं।

यह बर्दाश्त के बाहर है।

छोटा हैरी

मुझे... अफ़सोस है। लगता है, मैं बुरा सपना देख रहा था।

पेटूनिया आंटी

तुम गंदे लड़के। सिर्फ़ जानवर ही खुद को गीला करते हैं। जानवर और गंदे छोटे लड़के।

छोटा हैरी

सपना मेरे मम्मी–डैडी के बारे में था। मुझे लगता है मैंने उन्हें देखा था – मुझे लगता है मैंने उन्हें मरते हुए देखा था।

पेटूनिया आंटी

और इसमें मेरी ज़रा भी रुचि क्यों होगी?

छोटा हैरी

एक आदमी था जो एडकावा एड – कुछ एकाब्रा – एड – जैसा कुछ चिल्ला रहा था – और साँप के फुफकारने की आवाज़ आई थी। मुझे अपनी मम्मी की चीख़ भी सुनाई दी थी।

पेटूनिया आंटी ने खुद को सँभालने के लिए पल भर का समय लिया।

पेटूनिया आंटी

अगर तुम सचमुच उनकी मौत देख सकते, तो तुम्हें ब्रेक लगने और भीषण टक्कर की आवाज़ सुनाई देती। तुम्हारे मम्मी–डैडी की मौत कार दुर्घटना में हुई थी। तुम यह बात जानते हो। मुझे नहीं लगता कि तुम्हारी मम्मी को चीख़ने का भी समय मिला होगा। भगवान तुम्हें इससे ज़्यादा विवरणों से बचाए। अब ये चादर निकालो, किचन में जाओ और साफ़–सफ़ाई शुरू करो। मुझे यह बात तुमसे दोबारा न कहना पड़े।

वे एक धमाके के साथ बाहर जाती हैं।

और छोटा हैरी चादर थामे पीछे रह जाता है।

और मंच रूप बदलता है तथा पेड़ बड़े होते हैं, जब सपना बिलकुल ही अलग मोड़ ले लेता है।

अचानक पेड़ों के बीच से एल्बस प्रकट होता है और छोटे हैरी की तरफ़ देखता है।

और फिर उसे तेज़ी से खींच लिया जाता है। सर्पभाषा फुसफुसाती है, जो पूरे थिएटर में गूँजती है।

वह आ रहा है। वह आ रहा है।

कुछ शब्द सुनाई देते हैं, जिनकी आवाज़ समझने में ग़लती नहीं हो सकती। वोल्डेमॉर्ट की आवाज़...

हैऽऽऽरी पॉऽऽऽऽटर...

अंक दो दृश्य दो

हैरी और जिनी पॉटर का घर, सीढ़ियाँ

हैरी अँधेरे में जागता है, वह गहरी साँसें ले रहा है। उसकी थकान स्पष्ट दिखती है, वह बहुत डरा हुआ दिख रहा है।

हैरी

प्रकाशित भव!

रोशनी से चौंककर जिनी अंदर दाख़िल होती है।

जिनी

सब ठीक है...?

हैरी

मैं सो रहा था।

जिनी

थे।

हैरी

तुम नहीं सो रही थीं। कोई – ख़बर? कोई उल्लू या...?

जिनी उसकी तरफ़ देखती है, थकी हुई और डरी हुई।

जिनी

कुछ नहीं।

हैरी

मैंने सपना देखा – मैं सीढ़ियों के नीचे था और फिर मुझे – मुझे उसकी – वोल्डेमॉर्ट की – आवाज़ बहुत साफ़ सुनाई दी।

जिनी

वोल्डेमॉर्ट?

हैरी

और फिर मैंने एल्बस को देखा। लाल कपड़ों में – वह डर्मस्ट्रैंग के कपड़ों में था।

जिनी

डर्मस्ट्रैंग के कपड़ों में?

हैरी सोचता है

हैरी

जिनी, मैं सोचता हूँ मुझे पता चल गया है कि वह कहाँ है...

अंक दो दृश्य तीन

हॉगवर्ट्स, हेडमिस्ट्रेस का ऑफ़िस

हैरी और जिनी प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल के ऑफ़िस में खड़े हैं।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

और हम नहीं जानते कि अँधेरे जंगल में कहाँ?

हैरी

मुझे इस तरह का सपना बरसों से कभी नहीं आया। लेकिन एल्बस वहाँ था। मैं जानता हूँ कि वह था।

जिनी

हमें खोजने का काम जल्द से जल्द शुरू करना चाहिए।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

मैं तुम लोगों को प्रोफ़ेसर लॉंगबॉटम दे सकती हूँ – उनका पौधों का ज्ञान उपयोगी हो सकता है – और –

अचानक चिमनी में गड़गड़ाहट होती है। प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल उस तरफ़ चिंता से देखती हैं। फिर हर्माइनी धड़धड़ाती हुई बाहर निकलती है।

हर्माइनी

क्या यह सच है? क्या मैं मदद कर सकती हूँ?

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

मंत्री जी – यह बहुत अनपेक्षित है...

जिनी

यह मेरी ग़लती हो सकती है – मैंने ही उन लोगों को दैनिक

जादूगर का आपातकालीन संस्करण निकालने के लिए राज़ी किया था। स्वयंसेवी भी माँगे थे।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

ठीक। बहुत समझदारी भरा काम। मुझे उम्मीद है... कुछ स्वयंसेवी आने वाले होंगे।

रॉन अंदर आता है। राख से ढँका हुआ। शोरबे के धब्बे वाली डिनर नैपकिन पहने हुए।

रॉन

क्या मैं कुछ चूक गया – मुझे यह समझ नहीं आया कि किस छू चिमनी तक यात्रा करनी है। किसी तरह किचन में पहुँच गया। (हर्माइनी *गुस्से में देखती है, जब वह नैपकिन को खुद से दूर खींचता है।*) क्या?

अचानक चिमनी में एक और गड़गड़ाहट सुनाई देती है और ड्रेको तेज़ी से नीचे आता है, जिससे राख और धूल झड़ रही है। हर व्यक्ति उसकी तरफ़ हैरानी से देखता है। वह खड़े होकर अपने कपड़ों से राख झाड़ता है।

ड्रेको

आपके फ़र्श के बारे में अफ़सोस है, मिनर्वा।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

मैं तो यही कहूँगी कि चिमनी लगवाना मेरी ग़लती थी।

हैरी

तुम्हें देखकर हैरानी हुई, ड्रेको। मैं तो सोचता था कि तुम्हें मेरे सपनों पर यक़ीन नहीं था।

ड्रेको

तुम्हारे सपनों पर तो नहीं है, लेकिन मुझे तुम्हारी क़िस्मत पर यक़ीन है। हैरी पॉटर हमेशा जहाँ रहता है, वहाँ बड़ी घटनाएँ होती हैं। और मुझे मेरा बेटा सही–सलामत चाहिए।

जिनी

तो फिर हम अँधेरे जंगल में चलकर उन दोनों को खोजते हैं।

अंक दो दृश्य चार

अँधेरे जंगल का किनारा

एल्बस और डेल्फ़ी एक–दूसरे के सामने हैं, छड़ियाँ पकड़े हुए।

एल्बस
निरस्त्र भव!

डेल्फ़ी की छड़ी हवा में उड़ जाती है।

डेल्फ़ी
अब तुमसे यह बन रहा है। तुम इसमें निपुण हो गए हो।

वह उससे अपनी छड़ी वापस ले लेती है।

निहायत सुसंस्कृत आवाज़ में।

'तुम बहुत निरस्त्र करने वाले युवक हो।'

एल्बस
निरस्त्र भव!

डेल्फ़ी की छड़ी दोबारा उड़ जाती है।

डेल्फ़ी
और हमारे पास एक विजेता है।

दोनों एक–दूसरे के हाथ पर ताली मारते हैं।

एल्बस
मैं मंत्रों में कभी बहुत अच्छा नहीं रहा।

स्कॉर्पियस मंच के पीछे नज़र आता है। वह अपने दोस्त को एक लड़की से बात करते देखता है – और उसका एक हिस्सा इसे पसंद करता है और दूसरा हिस्सा पसंद नहीं करता।

डेल्फ़ी
मैं भी अच्छी नहीं थी – लेकिन फिर अचानक कोई चीज़ सही हो गई। और तुम्हारे साथ भी यही होगा। ऐसी बात नहीं है कि मैं कोई महाजादूगरनी हूँ, लेकिन एल्बस पॉटर, मैं सोचती हूँ कि तुम महाजादूगर बन रहे हो।

एल्बस
तो तुम्हें मेरे आस–पास रहना चाहिए – मुझे ज़्यादा सिखाना चाहिए –

डेल्फ़ी
ज़ाहिर है, मैं तुम्हारे आस–पास ही रहूँगी, हम दोस्त हैं, है ना?

एल्बस
हाँ। हाँ। निश्चित रूप से दोस्त। निश्चित रूप से।

डेल्फ़ी
बेहतरीन। महारथी!

स्कॉर्पियस
महारथी मतलब?

स्कॉर्पियस *निर्णायक रूप से आगे क़दम रखता है।*

एल्बस
मंत्र सीख लिया। मेरा मतलब है, यह काफ़ी बुनियादी है, लेकिन मैंने – देखो, मैंने मंत्र सीख लिया।

स्कॉर्पियस *(अति–उत्साही, शामिल होने की कोशिश करते हुए)*
और मैंने स्कूल तक का अपना रास्ता ढूँढ़ लिया है। सुनो, क्या हमें पक्का है कि यह कारगर होगा...

डेल्फ़ी
हाँ!

एल्बस
ज़बर्दस्त योजना है। सेडरिक को मरने से बचाने की तरकीब यह है कि हमें उसे त्रिकोणीय जादूगरी टूर्नामेंट जीतने से रोकना होगा। अगर वह नहीं जीतेगा, तो वह नहीं मरेगा।

स्कॉर्पियस

मैं यह बात समझता हूँ, लेकिन...

एल्बस

इसलिए हमें पहले काम में उसके जीतने की संभावनाओं को बुरी तरह गड़बड़ाना है। पहला काम है ड्रैगन को पार करके सुनहरा अंडा लाना। सेडरिक ने ड्रैगन का ध्यान कैसे भटकाया था –

डेल्फ़ी अपना हाथ हवा में रखती है। एल्बस मुस्कुराता है और उसकी तरफ़ इशारा करता है। दोनों की जोड़ी अब सचमुच अच्छी जम रही है।

डिगोरी।

डेल्फ़ी

– चट्टान का रूप–परिवर्तन करके कुत्ता बना दिया था।

एल्बस

– देखो, अगर हम एक छोटा सा निरस्त्र भव कर देंगे, तो वह ऐसा नहीं कर पाएगा।

स्कॉर्पियस डेल्फ़ी–एल्बस *की जोड़ी से ख़ुश नहीं है।*

स्कॉर्पियस

ठीक है, दो बातें हैं। पहली बात, क्या हमें यह पक्का यक़ीन है कि ड्रैगन उसे नहीं मारेगा?

डेल्फ़ी

उसके पास हमेशा दो बातें होती हैं, है ना? ज़ाहिर है, यह नहीं मारेगा। यह हॉगवर्ट्स है। वे किसी चैंपियन को कोई नुक़सान नहीं होने देंगे।

स्कॉर्पियस

ठीक है, दूसरी *बात* – ज़्यादा अहम *बात* – हम यह जाने बिना जा रहे हैं कि क्या हम दोबारा वापस लौट सकते हैं। जो रोमांचक है। शायद हमें पहले बस – एक घंटे पीछे जाना चाहिए और फिर...

डेल्फ़ी

मुझे अफ़सोस है स्कॉर्पियस, लेकिन हमारे पास बर्बाद करने के लिए समय नहीं है। यहाँ स्कूल के इतने क़रीब इंतज़ार करना

बहुत ख़तरनाक है – मुझे यक़ीन है कि वे तुम्हें खोज रहे होंगे और...

एल्बस

वह सही कह रही है।

डेल्फ़ी

लो, अब तुम्हें ये पहनने होंगे –

वह दो बड़े पेपर बैग बाहर निकालती है। लड़कों ने उनमें से चोगे बाहर निकाले।

एल्बस

लेकिन ये तो डर्मस्ट्रैंग के चोगे हैं।

डेल्फ़ी

मेरे अंकल का विचार है। अगर तुम हॉगवर्ट्स के चोगे में रहोगे, तो लोग यह जानना चाहेंगे कि तुम कौन हो। लेकिन त्रिकोणीय जादूगरी टूर्नामेंट में दो और स्कूल भी हिस्सा ले रहे हैं – इसलिए अगर तुम डर्मस्ट्रैंग के चोगे में रहोगे – तो देखो, तुम पृष्ठभूमि में खो सकते हो, है ना?

एल्बस

अच्छा सोचा! ठहरो, तुम्हारे चोगे कहाँ हैं?

डेल्फ़ी

एल्बस, सुनकर अच्छा लगा, लेकिन मैं नहीं सोचती कि मैं विद्यार्थी होने का नाटक कर सकती हूँ, है ना? मैं तो बस पृष्ठभूमि में रहूँगी और नाटक करूँगी – उह, शायद मैं ड्रैगन के रखवालों का नाटक कर सकती हूँ। वैसे भी मंत्र पढ़ने का काम तो तुम्हें ही करना है।

स्कॉर्पियस *उसकी तरफ़ देखता है और फिर* एल्बस *की तरफ़।*

स्कॉर्पियस

तुम्हें साथ नहीं चलना चाहिए।

डेल्फ़ी

क्या?

स्कॉर्पियस

तुमने सही कहा। हमें मंत्र पढ़ने के लिए तुम्हारी ज़रूरत नहीं है। और अगर तुम विद्यार्थियों के चोगे नहीं पहन सकतीं – तो तुम बहुत बड़ा जोखिम बन जाओगी। अफ़सोस है डेल्फ़ी, तुम्हें हमारे साथ नहीं चलना चाहिए।

डेल्फ़ी

लेकिन मेरे चले बिना काम कैसे चलेगा – वह मेरा कज़िन है। एल्बस?

एल्बस

मेरे ख़्याल से वह सही कह रहा है। मुझे अफ़सोस है।

डेल्फ़ी

क्या?

एल्बस

हम गड़बड़ नहीं करेंगे।

डेल्फ़ी

लेकिन मेरे बिना – तुम लोग काल–परिवर्तक नहीं चला पाओगे।

स्कॉर्पियस

तुमने हमें काल–परिवर्तक का इस्तेमाल करना सिखा दिया है।

डेल्फ़ी *वाक़ई विचलित है।*

डेल्फ़ी

नहीं। मैं तुम्हें यह नहीं करने दूँगी...

एल्बस

तुमने अपने अंकल से कहा था कि वे हम पर भरोसा करें। अब तुम्हारी बारी है। स्कूल अब क़रीब है। हम तुम्हें यहीं छोड़ देते हैं।

डेल्फ़ी उन दोनों को देखती है और एक गहरी साँस लेती है। वह सिर हिलाती है और मुस्कुराती है।

डेल्फ़ी

तो जाओ। लेकिन – बस इतना याद रखना... आज तुम्हें एक ऐसा मौक़ा मिल रहा है, जो बहुत कम लोगों को मिलता है – आज तुम्हें इतिहास बदलने का – समय को बदलने का मौक़ा मिल रहा है। लेकिन इस सबसे बढ़कर, आज तुम्हें एक बूढ़े आदमी को उसका बेटा वापस लौटाने का मौक़ा मिल रहा है।

वह मुस्कुराती है। वह एल्बस को देखती है। वह झुकती है और धीरे से उसके दोनों गाल चूम लेती है।

वह जंगल में दूर चली जाती है। एल्बस पीछे से उसे घूरता है।

स्कॉर्पियस

उसने मुझे नहीं चूमा – तुमने ध्यान दिया? *(वह अपने दोस्त को देखता है।)* तुम ठीक तो हो, एल्बस? तुम्हारा चेहरा थोड़ा पीला दिख रहा है। और लाल। पीला और लाल एक साथ।

एल्बस

चलो यह काम कर देते हैं।

अंक दो दृश्य पाँच

अँधेरा जंगल

जंगल ज़्यादा बड़ा, ज़्यादा घना नज़र आता है और पेड़ों के बीच - लोग खोज रहे हैं – खोए हुए जादूगर बच्चों की तलाश कर रहे हैं। लेकिन धीरे-धीरे लोग दूर चले जाते हैं और हैरी अकेला बचता है। उसे कोई आवाज़ सुनाई देती है। वह दाईं ओर मुड़ता है।

हैरी

एल्बस? स्कॉर्पियस? एल्बस?

उसे खुरों की आवाज़ सुनाई देती है। हैरी चौंक जाता है। वह चारों तरफ़ देखता है कि आवाज़ किधर से आ रही है। अचानक बेन रोशनी में आगे आता है। वह शानदार दिखने वाला सेनटॉर है।

बेन

हैरी पॉटर।

हैरी

अच्छा लगा। तुम अब भी मुझे पहचानते हो, बेन।

बेन

तुम ज़्यादा बड़े हो गए हो।

हैरी

हाँ, वो तो है।

बेन

लेकिन ज़्यादा समझदार नहीं। क्योंकि तुम हमारी भूमि पर अनधिकृत रूप से आए हो।

हैरी

मैंने हमेशा सेनटॉरों का सम्मान किया है। हम शत्रु नहीं हैं। तुम हॉगवर्ट्स के युद्ध में बहादुरी से लड़े थे। और मैं तुम्हारे साथ लड़ा था।

बेन

मैंने अपना फ़र्ज़ निभाया था। लेकिन अपनी कौम की ख़ातिर और अपने सम्मान की ख़ातिर। तुम्हारी ख़ातिर नहीं। और युद्ध के बाद इस जंगल को सेनटॉर भूमि घोषित किया गया था। और अगर तुम हमारी भूमि पर हो – बिना अनुमति के – तो तुम हमारे शत्रु हो।

हैरी

मेरा बेटा लापता है, बेन। मुझे उसे खोजने में मदद चाहिए।

बेन

और वह यहाँ है? हमारे जंगल में?

हैरी

हाँ।

बेन

तब तो वह भी तुम्हारे जितना ही मूर्ख है।

हैरी

क्या तुम मेरी मदद कर सकते हो बेन?

एक अंतराल होता है। बेन दबंग अंदाज़ में हैरी को देखता है।

बेन

मैं तुम्हें उतना ही बता सकता हूँ, जितना मैं जानता हूँ... लेकिन मैं यह तुम्हारे फ़ायदे के लिए नहीं, बल्कि अपनी कौम के फ़ायदे के लिए बता रहा हूँ। सेनटॉर एक और युद्ध नहीं चाहते हैं।

हैरी

हम भी नहीं चाहते हैं। तुम क्या जानते हो?

बेन

मैंने तुम्हारे बेटे को देखा है, हैरी पॉटर। मैंने उसे तारों की गतिविधियों में देखा है।

हैरी

तुमने उसे तारों में देखा है?

बेन

मैं तुम्हें यह नहीं बता सकता कि वह कहाँ है। मैं तुम्हें यह नहीं बता सकता कि वह तुम्हें कैसे मिलेगा।

हैरी

लेकिन तुमने कुछ देखा है? तुमने कुछ भविष्य–पठन किया है?

बेन

तुम्हारे बेटे के आस–पास एक काला बादल है, एक ख़तरनाक काला बादल।

हैरी

एल्बस के आस–पास?

बेन

एक ऐसा काला बादल, जो हम सबको ख़तरे में डाल सकता है। तुम्हें तुम्हारा बेटा दोबारा मिल जाएगा, हैरी पॉटर। लेकिन हो सकता है कि इसके बाद तुम उसे हमेशा के लिए खो दो।

वह घोड़े के हिनहिनाने जैसी आवाज़ निकालता है – और फिर तेज़ी से दूर चला जाता है – पीछे हैरी को हैरान–परेशान छोड़कर। हैरी एक बार फिर तलाश करने लगता है – अब और भी उत्साह के साथ।

हैरी

एल्बस! एल्बस!

अंक दो दृश्य छह

अँधेरे जंगल का किनारा

स्कॉर्पियस व एल्बस एक कोने पर मुड़ते हैं और उन्हें पेड़ों के बीच एक दरार दिखती है...

एक ऐसी दरार जिसमें से दिख रही है... भव्य रोशनी...

स्कॉर्पियस

और वहाँ पर है...

एल्बस थूक गटकता है, जब वह इसे देखता है।

एल्बस

हॉगवर्ट्स। इसे पहले कभी इस कोण से नहीं देखा।

स्कॉर्पियस

अब भी सिहरन होती है, है ना? जब तुम इसे देखते हो?

और पेड़ों के बीच से **हॉगवर्ट्स** *दिखता है – उभरी हुई इमारतों और मीनारों का भव्य समूह।*

जिस पल मैंने इसके बारे में पहली बार सुना, मैं यहाँ आने को बेताब था। मेरा मतलब है, डैडी को वहाँ ज़्यादा मज़ा नहीं आया था, लेकिन उन्होंने इसका जो वर्णन किया था, वह मुझे पसंद आया... दस साल की उम्र से मैं हर सुबह सबसे पहले दैनिक जादूगर को पढ़ता था – इस यक़ीन के साथ कि यहाँ किसी तरह की बुरी घटना हो गई होगी – इस यक़ीन के साथ कि मैं यहाँ नहीं आ पाऊँगा।

एल्बस

और फिर तुम यहाँ आ ही गए और यह आख़िरकार भयंकर साबित हुआ।

स्कॉर्पियस

मेरे लिए नहीं।

एल्बस सदमे में अपने दोस्त को देखता है।

मैं तो बस इतना चाहता था कि हॉगवर्ट्स आऊँ और मेरा कोई साथी रहे, जिसके साथ मैं उत्पात करूँ। हैरी पॉटर की तरह। और मुझे उनका बेटा मिल गया। यह कितने सौभाग्य की बात है।

एल्बस

लेकिन मैं अपने डैडी जैसा कतई नहीं हूँ।

स्कॉर्पियस

तुम उनसे ज़्यादा अच्छे हो। तुम मेरे सबसे अच्छे दोस्त हो, एल्बस। और यह तो चरम सीमा का उत्पात है। जो बेहतरीन है, बस – इतना ज़रूर कहना चाहूँगा – मुझे यह मानने में कोई झिझक नहीं है – मैं थोड़ा सा – बस थोड़ा सा डर रहा हूँ।

एल्बस स्कॉर्पियस को देखता है और मुस्कुराता है।

एल्बस

तुम भी मेरे सबसे अच्छे दोस्त हो। और चिंता मत करो – हम जो करने जा रहे हैं, उसके बारे में मेरे मन में अच्छे भाव हैं।

हमें दूर से रॉन की आवाज़ सुनाई देती है – वह स्पष्ट रूप से क़रीब है।

रॉन

एल्बस? एल्बस!

एल्बस उसकी ओर मुड़ता है, डरा हुआ।

एल्बस

लेकिन हमें चलना होगा – अभी।

एल्बस स्कॉर्पियस से काल–परिवर्तक ले लेता है – वह उसे दबाता है और काल–परिवर्तक में कंपन होने लगता है, और फिर गतिविधि का तूफ़ान आ जाता है।

और इसके साथ मंच का रूप बदलने लगता है। दोनों लड़के इसकी ओर देखते हैं।

और रोशनी का एक भारी झोंका आता है। धमाके की आवाज़ें। और समय थम जाता है। और फिर यह घूमता है, थोड़ा सोचता है, और फिर पीछे की ओर जाने लगता है, पहलेपहल धीमे...

और फिर यह गति पकड़ लेता है।

अंक दो दृश्य सात

त्रिकोणीय जादूगरी टूर्नामेंट, अँधेरे जंगल का किनारा, 1994

अचानक हर चीज़ शोर में बदल जाती है, जब भीड़ एल्बस और स्कॉर्पियस को निगल लेती है।

और अचानक 'पृथ्वी के सबसे महान शोमैन' (उनके शब्द, हमारे नहीं) मंच पर हैं, उन्होंने ध्वनि–विस्तार मंत्र से अपनी आवाज़ ऊँची कर ली है, और... देखिए... उन्हें मज़ा आ रहा है।

लूडो बैगमैन

देवियो और सज्जनो, लड़को और लड़कियो, मैं आप सभी को – सबसे महान – सबसे शानदार – एक – और एकमात्र **त्रिकोणीय जादूगरी टूर्नामेंट** दे रहा हूँ।

एक ज़ोरदार हर्षध्वनि होती है।

अगर आप हॉगवट्र्स के हैं। तो मेरे लिए तालियाँ बजाएँ।

ज़ोरदार हर्षध्वनि होती है।

अगर आप डर्मस्ट्रैंग के हैं – तो मेरे लिए तालियाँ बजाएँ।

एक ज़ोरदार हर्षध्वनि होती है।

और अगर आप बाबैटन्स के हैं, तो मेरे लिए तालियाँ बजाएँ।

थोड़ी कमज़ोर हर्षध्वनि होती है।

वहाँ फ्रांसीसियों में उत्साह थोड़ा कम है।

स्कॉर्पियस *(मुस्कुराते हुए)*

इसने काम कर दिया है। ये लूडो बैगमैन हैं।

लूडो बैगमैन

और वे सभी यहाँ हैं। देवियो और सज्जनो – लड़को और लड़कियो – मैं आपके सामने पेश करता हूँ – जिसकी वजह से हम सब यहाँ हैं – **चैंपियन**। डर्मस्ट्रैंग के प्रतिनिधि, क्या भौंहें हैं, क्या चाल है, क्या लड़का है, ऐसा कुछ नहीं है जो वह अपनी जादुई झाड़ू पर नहीं कर सकता, यह विक्टर जुनूनी क्रम है।

स्कॉर्पियस और एल्बस *(जो अब सचमुच डर्मस्ट्रैंग के विद्यार्थी होने का नाटक करने लगे हैं)*

शाबाश जुनूनी क्रम। शाबाश जुनूनी क्रम।

लूडो बैगमैन

बाबैटन्स अकादमी से – फूलों जैसी फ्लर डेलाकोर है!

थोड़ी विनम्र करतल ध्वनि।

और हॉगवट्र्स से एक नहीं, बल्कि दो विद्यार्थी हैं; जो सभी के दिलों पर राज करता है, वह सेडरिक सुंदर डिगोरी है।

भीड़ पगला जाती है।

और दूसरा – आप उसे जानते हैं वह लड़का जो ज़िंदा रहा, मैं उसे उस लड़के के रूप में जानता हूँ, जो हम सभी को हैरान करता रहता है...

एल्बस

मेरे डैडी।

लूडो बैगमैन

हाँ, यह हैरी बहादुर पॉटर है।

हर्षध्वनि होती है। ख़ास तौर पर भीड़ के कोने पर एक घबराई सी दिखने वाली लड़की ताली बजाती है – यह छोटी हर्माइनी है (जिसकी भूमिका रोज़ की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री निभा रही है)। यह स्पष्ट है कि हैरी के लिए हुई हर्षध्वनि सेडरिक के लिए हुई हर्षध्वनि से थोड़ी कम है।

और अब – कृपया सभी ख़ामोश हो जाएँ। पहला – काम मैं आपको बताता हूँ। सुनहरे अंडे को लाना। देवियो और सज्जनो,

लड़को और लड़कियो, मेरी बात सुनें – **मादा ड्रैगन** के घोंसले से। और **ड्रैगनों** का मार्गदर्शन कर रहे हैं – चार्ली वीज़्ली।

और हर्षध्वनि होती है।

छोटी हर्माइनी

अगर तुम्हें मेरे इतने क़रीब खड़े होना ही है, तो मैं चाहूँगी कि तुम मुझ पर इतनी ज़्यादा साँस मत छोड़ो।

स्कॉर्पियस

रोज़? तुम यहाँ क्या कर रही हो?

छोटी हर्माइनी

रोज़ कौन है? तुम्हारे लहजे को क्या हुआ?

एल्बस *(बुरे लहजे के साथ)*

माफ़ करना, हर्माइनी। उसने तुम्हें ग़लती से कोई और समझ लिया।

छोटी हर्माइनी

तुम्हें मेरा नाम कैसे मालूम?

लूडो बैगमैन

और अब बिना समय गँवाए हमें अपने पहले चैंपियन को सामने लाना है – जिनके सामने है स्वीडिश शॉर्ट–स्नाउट – **सेडरिक डिगोरी**!

ड्रैगन की गर्जना छोटी हर्माइनी *का ध्यान भटका देती है और* एल्बस *अपनी छड़ी तैयार रखता है।*

और सेडरिक डिगोरी मंच पर दाख़िल हो चुका है। और वह तैयार नज़र आता है। डरा हुआ लेकिन तैयार। वह इस तरफ़ बचता है। वह उस तरफ़ बचता है। जब वह सुरक्षा के लिए इधर–उधर होता है, तो लड़कियाँ आहें भरती हैं। वे एक सुर में चिल्लाती हैं : ड्रैगन महोदय हमारे डिगोरी को नुक़सान मत पहुँचाना।

स्कॉर्पियस *चिंतित नज़र आता है।*

स्कॉर्पियस

एल्बस, कुछ गड़बड़ हो रही है। काल–परिवर्तक हिलने लगा है।

टिकटिक जैसी आवाज़ आती है, एक लगातार, ख़तरनाक टिकटिक। यह काल–परिवर्तक से निकल रही है।

लूडो बैगमैन

और सेडरिक बाईं तरफ़ बचता है और दाईं तरफ़ गोता लगाता है – और वह अपनी छड़ी तैयार करता है – इस युवा, बहादुर, सुंदर लड़के की कमान में कौन सा तीर है –

एल्बस *(अपनी छड़ी उठाते हुए)*

निरस्त्र भव!

सेडरिक *की छड़ी* एल्बस *के हाथ में पहुँच जाती है।*

लूडो बैगमैन

– लेकिन नहीं, यह क्या हुआ? क्या यह काला जादू है या कोई बिलकुल ही अलग चीज़ है – सेडरिक डिगोरी निरस्त्र हो गया है –

स्कॉर्पियस

एल्बस, मैं सोचता हूँ कि काल–परिवर्तक – कोई चीज़ ग़लत हो गई है...

काल–परिवर्तक और भी तेज़ टिकटिक करने लगता है।

लूडो बैगमैन

डिगोरी के लिए सब कुछ गड़बड़ हो रहा है। यह उसके लिए इस काम का अंत हो सकता है। टूर्नामेंट का अंत।

स्कॉर्पियस एल्बस *को जकड़ लेता है।*

टिकटिक में तूफ़ान आ जाता है और एक कौंध चमकती है। और समय वर्तमान पर लौट आता है, जबकि एल्बस *दर्द में चिंघाड़ रहा है।*

स्कॉर्पियस

एल्बस! क्या इससे तुम्हें चोट पहुँची? एल्बस, क्या तुम –

एल्बस

क्या हुआ?

स्कॉर्पियस

कोई सीमा ज़रूर होगी – काल–परिवर्तक में किसी तरह की समय सीमा होगी...

एल्बस

क्या तुम सोचते हो कि हमने यह कर दिया है? क्या तुम सोचते हो कि हमने कुछ बदल दिया है?

अचानक मंच पर चारों तरफ़ से चढ़ाई हो जाती है, जब हैरी, रॉन (जिसके बाल अब बग़ल से कढ़े हैं और जिसके कपड़ों का चयन ज़्यादा गंभीर हो गया है), जिनी और ड्रेको वहाँ आ जाते हैं। स्कॉर्पियस उन सभी को देखता है – और काल–परिवर्तक को अपनी जेब में खिसका लेता है। एल्बस उन सभी को थोड़ी सूनी निगाह से देखता है – वह काफ़ी दर्द में है।

रॉन

मैंने तुमसे कहा था। मैंने तुमसे कहा था कि मैंने उन्हें देखा था।

स्कॉर्पियस

मुझे लगता है कि हमें जल्द ही पता लग जाएगा।

एल्बस

हलो डैडी। क्या कोई गड़बड़ है?

हैरी अपने बेटे की तरफ़ अविश्वास से देखता है।

हैरी

हाँ। तुम यह कह सकते हो।

एल्बस फ़र्श पर गिर पड़ता है। हैरी और जिनी उसकी मदद करने के लिए दौड़ते हैं।

अंक दो दृश्य आठ

हॉगवट्‌र्स, अस्पताल

एल्बस अस्पताल के पलंग पर सोया है। परेशानहाल हैरी उसके पास बैठा है। उनके ऊपर एक चिंतित, दयालु इंसान की तस्वीर है। तस्वीर उन दोनों पर सावधान निगाह रखे हुए है। हैरी अपनी आँखें मलता है, खड़ा होता है और कमरे में चारों ओर टहलता है, अपनी कमर सीधी करता है।

और फिर उसकी निगाहें तस्वीर से मिलती हैं। जो इस बात पर चौंक जाती है कि उसे देख लिया गया है। और हैरी भी आश्चर्य से पलटकर देखता है।

हैरी

प्रोफ़ेसर डम्बलडोर।

डम्बलडोर

गुड ईवनिंग, हैरी।

हैरी

मुझे आपकी कमी खलती है। कुछ समय से मैं जब भी हेडमिस्ट्रेस के ऑफ़िस गया हूँ, आपका फ़्रेम हमेशा ख़ाली मिला है।

डम्बलडोर

ओह देखो, मुझे कभी–कभार अपनी दूसरी तस्वीरों में जाना अच्छा लगता है। *(वे एल्बस को देखते हैं।)* क्या वह पूरी तरह ठीक हो जाएगा?

हैरी

वह चौबीस घंटे से बेहोश है, ज़्यादातर इसलिए ताकि मैडम पॉमफ़्री उसके हाथ को सही जोड़ सकें। वे कह रही थीं कि यह

सबसे अजीब चीज़ थी... ऐसा लग रहा था कि यह हाथ बीस साल पहले टूटा था और इसे 'सबसे विपरीत' दिशाओं में जमने की इजाज़त दी गई थी। वे कहती हैं कि वह ठीक हो जाएगा।

डम्बलडोर

मैं कल्पना कर सकता हूँ कि अपने बच्चे को दर्द में देखना बहुत मुश्किल होता है।

हैरी ऊपर डम्बलडोर की तरफ़ देखता है और फिर नीचे एल्बस की ओर।

हैरी

मैंने कभी नहीं पूछा कि जब मैंने उसका नाम आपके नाम पर रखा, तो आपको कैसा महसूस हुआ?

डम्बलडोर

सच कहूँ तो हैरी, यह बेचारे लड़के पर भारी बोझ रखने जैसा था।

हैरी

मुझे आपकी मदद चाहिए। मुझे आपकी सलाह चाहिए। बेन कहता है कि एल्बस ख़तरे में है। मैं अपने बेटे की रक्षा कैसे करूँ, डम्बलडोर?

डम्बलडोर

तुम मुझसे पूछते हो कि भयंकर ख़तरे से किसी लड़के की रक्षा कैसे करो? हम युवाओं को नुक़सान से सुरक्षित नहीं रख सकते। दर्द तो युवाओं की तक़दीर में होता है।

हैरी

तो मैं बस खड़ा–खड़ा देखता रहूँ?

डम्बलडोर

नहीं। तुम्हें उसे सिखाना चाहिए कि ज़िंदगी का सामना कैसे करना है।

हैरी

कैसे? वह सुनता ही नहीं है।

डम्बलडोर

शायद वह इंतज़ार कर रहा है कि तुम उसे स्पष्टता से देख लो।

हैरी त्योरियाँ चढ़ाता है और इसे पचाने की कोशिश करता है।

(संवेदनशीलता के साथ।) यह एक तस्वीर का शाप और वरदान है... बातें सुनना। स्कूल में, मंत्रालय में, मैं लोगों की बातें सुनता हूँ...

हैरी

मेरे बेटे और मेरे बारे में क्या गप्प हाँकी जा रही है?

डम्बलडोर

गप्प नहीं। चिंता। कि तुम दोनों में अनबन है। कि वह ज़िद्दी है। कि वह तुमसे नाराज़ है। मुझे यह लगने लगा है कि – शायद – उसके प्रेम में तुम अंधे हो गए हो।

हैरी

अंधा?

डम्बलडोर

हैरी, तुम्हें उसे उसी तरह देखना चाहिए, जैसा वह है। तुम्हें यह देखना चाहिए कि उसे किस चीज़ से चोट पहुँच रही है।

हैरी

क्या मैंने उसे उस तरह नहीं देखा, जैसा वह है? मेरे बेटे को कौन सी चीज़ चोट पहुँचा रही है? *(वह सोचता है।)* या फिर कोई व्यक्ति मेरे बेटे को चोट पहुँचा रहा है?

एल्बस *(अपनी नींद में बड़बड़ाता है)*

डैडी...

हैरी

यह काला बादल, यह कोई व्यक्ति है, है ना? कोई चीज़ नहीं है?

डम्बलडोर

सच कहूँ, तो क्या अब मेरी राय मायने रखती है? मैं बस रंग और स्मृति हूँ, हैरी, रंग और स्मृति। और मेरा कभी कोई बेटा नहीं था।

हैरी

लेकिन मुझे आपकी सलाह की ज़रूरत है।

एल्बस

डैडी?

हैरी एल्बस की तरफ़ देखता है और फिर पलटकर डम्बलडोर की तरफ़। लेकिन डम्बलडोर जा चुके हैं।

हैरी

नहीं, अब आप कहाँ चले गए?

एल्बस

हम अस्पताल में हैं?

हैरी अपना ध्यान दोबारा एल्बस की ओर मोड़ता है।

हैरी *(व्याकुल)*

हाँ। और तुम – तुम अच्छे हो जाओगे। मैडम पॉमफ्री को समझ नहीं आया कि जल्दी ठीक होने के लिए तुम्हें क्या खाने की सलाह दें, इसलिए उन्होंने कह दिया कि तुम्हें बहुत सारी चॉकलेट खानी चाहिए। दरअसल मैं भी कुछ चॉकलेट खा लूँ तो अच्छा होगा? मुझे तुम्हें कुछ बताना है और मैं नहीं सोचता कि यह तुम्हें पसंद आएगा।

एल्बस अपने डैडी की तरफ़ देखता है, उन्हें क्या कहना है? वह निर्णय लेता है कि लड़ाई नहीं करेगा।

एल्बस

ठीक है। मैं सोचता हूँ।

हैरी थोड़ी चॉकलेट लेता है। वह एक बड़ा टुकड़ा खाता है। एल्बस दुविधा में अपने डैडी को देखता है।

बेहतर?

हैरी

काफ़ी।

वह चॉकलेट अपने बेटे की ओर बढ़ाता है। एल्बस एक टुकड़ा लेता है। पिता–पुत्र साथ–साथ चॉकलेट खाते हैं।

अब हाथ कैसा महसूस होता है?

एल्बस अपना हाथ मोड़ता है।

एल्बस

बेहतरीन महसूस होता है।

हैरी *(नरमी से)*

तुम कहाँ गए थे, एल्बस? मैं तुम्हें बता नहीं सकता कि इससे हम पर क्या गुज़री – तुम्हारी मम्मी तो चिंता के मारे पगला गई थीं...

एल्बस ऊपर देखता है, वह एक नंबर का झूठा है।

एल्बस

हमने तय किया कि हम स्कूल नहीं जाएँगे। हमने सोचा कि हम नए सिरे से शुरुआत कर सकते हैं – मगलू संसार में – हमें पता चला कि हम ग़लत थे। हम हॉगवट्र्स लौट ही रहे थे, तभी हम आपको मिल गए।

हैरी

डर्मस्ट्रैंग के चोगों में?

एल्बस

चोगे ही तो... पूरी चीज़ थे – स्कॉर्पियस और मैंने – हमने नहीं सोचा।

हैरी

और क्यों... तुम भागे क्यों थे? मेरे कारण? मैंने जो कहा था, उसके कारण?

एल्बस

मैं नहीं जानता। हॉगवट्र्स दरअसल ख़ास सुखद जगह नहीं है, अगर आप इसके अनुरूप न हों।

हैरी

और क्या स्कॉर्पियस ने तुम्हें भागने के लिए – प्रोत्साहित किया था?

एल्बस

स्कॉर्पियस ने? नहीं तो।

हैरी एल्बस की तरफ़ देखता है, उसके आस–पास किसी काले बादल को देखने की कोशिश करता है, गहराई से सोचता है।

हैरी

मैं चाहता हूँ कि तुम स्कॉर्पियस मैल्फ़ॉय से दूर रहो।

एल्बस

क्या? स्कॉर्पियस से?

हैरी

मैं नहीं जानता कि तुम दोनों दोस्त बने ही कैसे, लेकिन तुम बन गए – और अब – मैं चाहता हूँ कि –

एल्बस

मेरा सबसे अच्छा दोस्त? मेरा इकलौता दोस्त?

हैरी

वह ख़तरनाक है।

एल्बस

स्कॉर्पियस? ख़तरनाक? क्या आप उससे मिले हो? डैडी, अगर आप सचमुच सोचते हैं कि वह वोल्डेमॉर्ट का बेटा है –

हैरी

मैं नहीं जानता कि वह कौन है, मैं तो बस इतना जानता हूँ कि तुम्हें उससे दूर रहना चाहिए। बेन ने मुझे बताया है –

एल्बस

बेन कौन है?

हैरी

एक सेनटॉर, जिसके पास भविष्यवाणी का अच्छा हुनर है। उसने कहा कि तुम्हारे आस–पास एक काला बादल है और –

एल्बस

एक काला बादल?

हैरी

और मेरे पास यह मानने का बहुत अच्छा कारण है कि काले जादू का दोबारा उदय हो रहा है और मुझे तुम्हें उससे सुरक्षित रखना है। उससे सुरक्षित रखना। स्कॉर्पियस से सुरक्षित रखना।

एल्बस पल भर को झिझकता है और फिर उसका चेहरा तन जाता है।

एल्बस

और अगर मैं ऐसा न करूँ? उससे दूर न रहूँ?

हैरी अपने बेटे की तरफ़ देखता है, तेज़ी से सोचता है।

हैरी

एक नक़्शा है। इसका इस्तेमाल वे लोग करते थे, जो प्रतिबंधित चीज़ें करना चाहते थे। अब हम इसका इस्तेमाल तुम पर निगाह रखने – हमेशा निगाह रखने के लिए करेंगे। प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल तुम्हारी हर गतिविधि पर नज़र रखेंगी। जब भी तुम दोनों एक साथ दिखोगे – तो वे तुरंत वहाँ आ जाएँगी – जब भी तुम हॉगवर्ट्स से बाहर जाने की कोशिश करोगे – वे तुरंत आ जाएँगी। मैं उम्मीद करता हूँ कि तुम अपनी कक्षाओं में जाओगे, जिनमें से एक भी स्कॉर्पियस के साथ नहीं लगेंगी और बाक़ी समय तुम गरुड़द्वार के हॉल में रहोगे!

एल्बस

आप मुझे गरुड़द्वार में नहीं भेज सकते! मैं नागशक्ति में हूँ!

हैरी

एल्बस, खेल मत खेलो, तुम जानते हो कि तुम किस हाउस में हो। अगर उन्हें तुम स्कॉर्पियस के साथ दिखे – तो मैं तुम्हें एक मंत्र से ठीक कर दूँगा – जिससे मुझे तुम्हारी हर गतिविधि, हर बातचीत देखने–सुनने की अनुमति मिल जाएगी। इस दौरान मेरे विभाग में उसके असली पिता के बारे में जाँच शुरू हो जाएगी।

एल्बस *(रोते हुए)*

लेकिन डैडी – आप ऐसा नहीं कर सकते – यह ठीक नहीं...

हैरी

काफ़ी समय से मैं सोचता था कि मैं तुम्हारा पर्याप्त अच्छा पिता नहीं हूँ, क्योंकि तुम मुझे पसंद नहीं करते हो। अभी–अभी मुझे इस बात का अहसास हुआ है कि इस बात की कोई ज़रूरत नहीं है कि तुम मुझे पसंद करो। मुझे तो इस बात की ज़रूरत है कि तुम मेरा कहना मानो, क्योंकि मैं तुम्हारा पिता हूँ और मैं ज़्यादा जानता हूँ। मुझे अफ़सोस है, एल्बस। अब इसी तरीक़े से काम होगा।

अंक दो दृश्य नौ

हॉगवर्ट्स, सीढ़ियाँ

एल्बस हैरी के पीछे मंच पर चलता है।

एल्बस

अगर मैं भाग गया, तो? मैं भाग जाऊँगा।

हैरी

एल्बस, बिस्तर पर जाओ।

एल्बस

मैं दोबारा भाग जाऊँगा।

हैरी

नहीं। तुम नहीं भागोगे।

एल्बस

मैं भागूँगा – और इस बार मैं यह सुनिश्चित कर लूँगा कि रॉन अंकल हमें न खोज पाएँ।

रॉन

किसी ने मेरा नाम लिया?

रॉन एक सीढ़ी पर दाख़िल होता है, उसकी बग़ल से निकली माँग अब अति–आक्रामक है, उसके चोगे थोड़े छोटे हैं, उसके कपड़े अब प्रभावशाली अंदाज़ में गंभीर हैं।

एल्बस

रॉन अंकल! डम्बलडोर का शुक्र है। अगर आपके किसी मज़ाक की कभी ज़रूरत थी, तो इसी समय है...

रॉन त्योरी चढ़ाता है, वह दुविधा में है।

रॉन

मज़ाक? मुझे मज़ाक करना नहीं आता।

एल्बस

कैसे नहीं आता? आप तो जोक शॉप चलाते हैं।

रॉन *(अब बहुत ज़्यादा दुविधा में)*

जोक शॉप? देखो। मुझे ख़ुशी है कि मैंने तुम्हें खोज लिया... मैं थोड़ी टॉफ़ियाँ लेने जा रहा था – एक तरह से, जल्दी स्वस्थ होने की शुभकामना की, लेकिन ओह... दरअसल पद्मा – वह चीज़ों के बारे में – मुझसे ज़्यादा गहराई से सोचती है – और उसने सोचा, ज़्यादा अच्छा यह रहेगा कि तुम्हें स्कूल के लिए कोई उपयोगी चीज़ दी जाए। इसलिए हम तुम्हें – क़लमों का एक सेट दे रहे हैं। हाँ। हाँ। हाँ। इनकी तरफ़ देखो। शानदार हैं।

एल्बस

पद्मा कौन है?

हैरी एल्बस को त्योरी चढ़ाकर देखता है।

हैरी

तुम्हारी आंटी।

एल्बस

मेरी आंटी का नाम पद्मा है?

रॉन

(हैरी से) लगता है इसके दिमाग़ पर चकरघिन्नी सम्मोहन कर दिया गया है, है ना? *(एल्बस से)* मेरी पत्नी है पद्मा। तुम्हें याद है। तुम्हारे चेहरे के थोड़े ज़्यादा क़रीब से बात करती है, थोड़ी पिपरमिंट जैसी ख़ुशबू आती है। *(झुकता है।)* पद्मा, पंजू की माँ! *(हैरी से।)* इसीलिए तो मैं यहाँ पर हूँ, पंजू के कारण। वह एक बार फिर मुश्किल में फँस गया है। मैं तो बस एक भोंपू भेजना चाहता था, लेकिन पद्मा इस बात पर अड़ गई कि मैं ख़ुद यहाँ आऊँ। मैं नहीं जानता कि क्यों। वह बस मुझ पर हँसता है।

एल्बस

लेकिन... आपकी शादी तो हर्माइनी से हुई है।

अंतराल। रॉन को यह बात ज़रा भी समझ नहीं आती है।

रॉन

हर्माइनी से? नहीं। नहींहींहीं। मर्लिन की दाढ़ी।

हैरी

एल्बस तो यह भी भूल गया है कि उसे गरुड़द्वार में चुना गया था। बहुत आरामदेह।

रॉन

हाँ देखो, अफ़सोस है, लेकिन तुम गरुड़द्वार में हो।

एल्बस

लेकिन मुझे गरुड़द्वार में चुना कैसे गया?

रॉन

तुम्हें याद नहीं है, तुम्हीं ने तो चुनने वाली टोपी को इसके लिए मनाया था? पंजू ने तुमसे शर्त लगाई थी कि तुम गरुड़द्वार में नहीं जा सकते, चाहे तुम अपनी जान की बाज़ी लगा दो, इसलिए तुमने उसे नीचा दिखाने के लिए गरुड़द्वार को चुना। मैं तुम्हें दोष नहीं देता हूँ, *(शुष्कता से)* हम सभी कई बार उसके चेहरे की मुस्कान मिटाना चाहेंगे, है ना? *(दहशत में।)* मेहरबानी करके पद्मा को मत बताना कि मैंने ऐसा बोला था।

एल्बस

पंजू कौन है?

रॉन और हैरी एल्बस को घूरते हैं।

रॉन

बेड़ा गर्क हो, तुम वाक़ई होशोहवास में नहीं हो! वैसे भी जाना बेहतर है, इससे पहले कि मुझे कोई भोंपू मिले।

वह लड़खड़ाते हुए चलता है। वह रत्ती भर भी वैसा नहीं है, जैसा पहले था।

एल्बस

लेकिन यह तो... कुछ समझ नहीं आ रहा है।

हैरी

एल्बस, तुम जो भी नाटक कर रहे हो, वह कारगर नहीं हो रहा है। मैं अपना फ़ैसला नहीं बदलूँगा।

एल्बस

डैडी, आपके पास बस दो ही विकल्प हैं, या तो आप मुझे –

हैरी

नहीं, दो विकल्प तो तुम्हारे पास हैं, एल्बस। या तो तुम यह करो या फिर तुम गहरी – ज़्यादा गहरी – मुश्किल में फँस जाओगे, समझ गए?

स्कॉर्पियस सीढ़ियों के दूसरे हिस्से पर प्रकट होता है। वह जब एल्बस को देखता है तो ख़ुश हो जाता है।

स्कॉर्पियस

एल्बस? तुम ठीक हो। यह ज़बर्दस्त है।

हैरी स्कॉर्पियस के पास से होकर उपेक्षापूर्ण अंदाज़ में चला जाता है।

हैरी

वह पूरी तरह ठीक हो गया है। और हमें जाना है।

एल्बस स्कॉर्पियस को देखता है और उसका दिल टूट जाता है। वह स्कॉर्पियस की हताशा भरी निगाह को नज़रअंदाज़ करते हुए अपने डैडी के पीछे चलता है।

स्कॉर्पियस

तुम मुझसे नाराज़ हो? हो क्या रहा है?

एल्बस रुकता है और स्कॉर्पियस की तरफ़ मुड़ता है।

एल्बस

क्या यह कामयाब रहा? क्या इसमें से कुछ भी कामयाब रहा?

स्कॉर्पियस

नहीं... लेकिन, एल्बस –

हैरी

एल्बस। तुम पहेलियों में जो भी बक-बक कर रहे हो, उसे बंद कर दो, अभी। यह तुम्हारी आख़िरी चेतावनी है।

एल्बस अपने डैडी और अपने दोस्त के बीच बँट जाता है।

एल्बस

मैं नहीं कर सकता, ठीक है?

स्कॉर्पियस

तुम क्या नहीं कर सकते?

एल्बस

बस – हम एक–दूसरे के बिना ही ज़्यादा अच्छे रहेंगे, ठीक है?

स्कॉर्पियस एल्बस के पीछे से उसे जाते देखता रहता है। बेहद दुखी।

अंक दो दृश्य दस

हॉगवर्ट्स, हेडमिस्ट्रेस का ऑफ़िस

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल बहुत दुखी हैं, हैरी उद्देश्यपूर्ण है, जिनी को पक्का नहीं पता कि उसे कैसा होना चाहिए।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

मेरे ख़्याल से मानचित्र मंथन नक़्शे को इस तरह इस्तेमाल करने के लिए नहीं बनाया गया था।

हैरी

अगर आप उन दोनों को इकट्ठे देखें, तो फटाफट उनके पास पहुँचें और उन्हें तुरंत अलग कर दें।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

हैरी, क्या तुम्हें यक़ीन है कि यह सही निर्णय है? हालाँकि सेनटॉर्स की बुद्धिमत्ता पर शंका करने का कोई सवाल नहीं है, लेकिन बेन बहुत ही गुस्सैल है और ... हो सकता है कि उसने ग्रह–नक्षत्रों के नाम पर अपना उल्लू सीधा कर लिया हो।

हैरी

मुझे बेन पर भरोसा है। एल्बस को स्कॉर्पियस से दूर रहना ही होगा। उसकी ख़ातिर और दूसरों की ख़ातिर।

जिनी

मेरे ख़्याल से हैरी का मतलब यह है कि...

हैरी *(दोटूक स्वर में)*

प्रोफ़ेसर जानती हैं कि मेरा क्या मतलब है।

जिनी हैरी को देखती है। वह हैरान है कि वह उससे इस तरह बात कर रहा है।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

देश के सबसे बड़े जादूगरों तथा जादूगरनियों ने एल्बस की जाँच कर ली है और किसी को भी कोई जादू या शाप नहीं मिला।

हैरी

और डम्बलडोर – डम्बलडोर ने कहा था –

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

क्या?

हैरी

उनकी तस्वीर ने। हमारी बात हुई थी। उन्होंने कुछ बातें कही थीं, जो समझदारी भरी लग रही थीं –

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

डम्बलडोर मर चुके हैं, हैरी। और मैं तुम्हें पहले भी बता चुकी हूँ कि तस्वीरें उनके सजीव रूपों की आधी भी नहीं होती हैं।

हैरी

उन्होंने कहा था कि प्रेम ने मुझे अंधा कर दिया था।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

हेडमास्टर की तस्वीर बस एक यादगार है। यह मेरे निर्णयों के लिए सिर्फ़ एक समर्थन तंत्र है। जब मैंने यह पद सँभाला था, तो मुझे सलाह दी गई थी कि मैं तस्वीर को इंसान मानने की ग़लती न करूँ। और तुम्हें भी यही सलाह दी जानी चाहिए।

हैरी

लेकिन उनकी बात सही थी। मुझे अब समझ में आ रहा है।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

हैरी, तुम बहुत दबाव में रहे हो, एल्बस का लापता होना, उसकी तलाश, यह डर कि तुम्हारे निशान में होने वाले दर्द का क्या कारण है। लेकिन मेरी बात पर यक़ीन करो, तुम एक ग़लती कर रहे हो –

हैरी

एल्बस मुझे पहले भी पसंद नहीं करता था। शायद वह अब भी मुझे पसंद नहीं करेगा। लेकिन वह सुरक्षित रहेगा। बेहद सम्मान के साथ कहना चाहूँगा, मिनर्वा – आपके बच्चे नहीं हैं –

जिनी

हैरी!

हैरी

–इसलिए आप नहीं समझेंगी।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल *(बहुत आहत)*

मुझे लगता है कि शिक्षक के पेशे में ज़िंदगी गुज़ारने के बाद –

हैरी

यह नक़्शा आपको हर पल की ख़बर देगा कि मेरा बेटा कहाँ है – मुझे उम्मीद है कि आप इसका इस्तेमाल करेंगी। और अगर मैंने सुना कि आप ऐसा नहीं करती हैं – तो मैं अपनी पूरी ताकत से इस स्कूल पर हल्ला बोल दूँगा – मंत्रालय की पूरी शक्ति के साथ – क्या आप समझ गईं?

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल *(इस अति कटु धमकी से चकराई हुईं)*

पूरी तरह से।

जिनी हैरी को देखती है, हैरान है कि वह कैसा व्यवहार कर रहा है। हैरी पलटकर नहीं देखता है।

अंक दो दृश्य ग्यारह

हॉगवर्ट्स, गुप्त कलाओं से रक्षा की क्लास

एल्बस *क्लास में दाख़िल होता है, थोड़े असमंजस में।*

हर्माइनी

ओह हाँ। हमारे ट्रेन के भगोड़े। आख़िरकार हमारे बीच आ गए।

एल्बस

हर्माइनी?

वह भौंचक्का दिखता है। हर्माइनी *क्लास के सामने खड़ी है।*

हर्माइनी

पॉटर, मेरे ख़्याल से मेरा नाम प्रोफ़ेसर ग्रेंजर है।

एल्बस

आप यहाँ क्या कर रही हो?

हर्माइनी

पढ़ा रही हूँ। अपने पापों का प्रायश्चित कर रही हूँ। तुम यहाँ क्या कर रहे हो? मुझे उम्मीद है कि पढ़ रहे हो।

एल्बस

लेकिन आप तो... आप तो... जादू मंत्री हैं।

हर्माइनी

एक बार फिर से सपने देखने लगे, पॉटर? आज हम पितृदेव सम्मोहन पढ़ने वाले हैं।

एल्बस *(चकित)*

आप हमारी गुप्त कलाओं से रक्षा की शिक्षक हैं?

विद्यार्थी खी–खी करने लगते हैं।

हर्माइनी

अब मेरा धीरज जवाब दे रहा है। मूर्खता के लिए गरुड़द्वार के दस पॉइंट काटे जाते हैं।

पॉली चैपमैन *(तिरस्कार से भरी हुई, खड़ी होती है)*

नहीं। नहीं। वह जान–बूझकर कर ऐसा रहा है। वह गरुड़द्वार से नफ़रत करता है और हर कोई यह बात जानता है।

हर्माइनी

पॉली चैपमैन, बैठ जाओ, वरना स्थिति और बिगड़ जाएगी। (पॉली *आह भरती है और फिर बैठ जाती है।)* और मैं सुझाव देती हूँ एल्बस कि तुम भी उसके साथ बैठ जाओ। और इस नाटक को ख़त्म करो।

एल्बस

लेकिन आप इतनी ओछी नहीं हैं।

हर्माइनी

और गरुड़द्वार के बीस पॉइंट काटे जाते हैं, ताकि एल्बस पॉटर को विश्वास हो जाए कि मैं इतनी ही ओछी हूँ।

यैन फ्रेडरिक

एल्बस, अगर तुम इसी समय नहीं बैठे तो...

एल्बस *बैठ जाता है।*

एल्बस

क्या मैं कुछ कह सकता हूँ –

हर्माइनी

नहीं, तुम कुछ नहीं कह सकते। बस चुप रहो पॉटर, वरना तुम्हारे पास जो सीमित लोकप्रियता है, वह भी ख़त्म हो जाएगी। अब कौन मुझे बता सकता है कि पितृदेव क्या होता है? नहीं? एक भी नहीं। तुम्हारी क्लास तो सचमुच बहुत निराशाजनक है।

हर्माइनी *के होंठों पर पतली मुस्कान आती है। वह वाक़ई काफ़ी ओछी दिख रही है।*

एल्बस

नहीं। यह मूर्खतापूर्ण है। रोज़ कहाँ है? वह आपको बता देगी कि आप बकवास काम कर रही हैं।

हर्माइनी

रोज़ कौन है? तुम्हारी अदृश्य मित्र?

एल्बस

रोज़ ग्रेंजर–वीज़्ली! आपकी बेटी! *(उसे अहसास होता है।)* मगर... चूँकि आपकी और रॉन की शादी नहीं हुई है, इसलिए रोज़ –

खी–खी दोबारा होती है।

हर्माइनी

तुम्हारी यह जुर्रत! गरुड़द्वार के पचास पॉइंट काटे जाते हैं। और मैं तुम्हें आश्वस्त करती हूँ कि अगर किसी ने मुझे दोबारा टोका, तो अबकी बार सौ पॉइंट कट जाएँगे...

वह कमरे में घूरती है। कोई भी ज़रा सी भी हरकत नहीं करता है।

अच्छी बात है। पितृदेव एक जादुई सम्मोहन है। यह आपकी सबसे सकारात्मक भावनाओं का प्रक्षेपण है और यह उस पशु का आकार लेता है, जिसके साथ आपकी सबसे गहरी समानता होती है। यह प्रकाश का उपहार है। अगर आप पितृदेव उत्पन्न कर सकते हैं, तो आप संसार से अपनी रक्षा कर सकते हैं। और हममें से कुछ के मामले में इसकी आवश्यकता देर से नहीं, जल्दी ही पड़ सकती है।

अंक दो दृश्य बारह

हॉगवर्ट्स, सीढ़ियाँ

एल्बस सीढ़ियों पर ऊपर चलकर जाता है। चारों तरफ़ देखता है। उसे कोई चीज़ नहीं दिखती है। वह चला जाता है। सीढ़ियाँ लगभग नृत्य करते हुए चलती हैं।

स्कॉर्पियस उसके पीछे प्रवेश करता है। उसे लगता है कि उसने एल्बस को देखा है, फिर उसे अहसास होता है कि वह वहाँ नहीं है।

वह फ़र्श पर निढाल बैठ जाता है, सीढ़ी चारों ओर चलती है।

मैडम हूच प्रवेश करती हैं और सीढ़ी पर ऊपर जाती हैं। ऊपर पहुँच कर वे स्कॉर्पियस को चलने का इशारा करती हैं।

वह ऐसा ही करता है। और वह झुका हुआ है – उसका निराशाजनक अकेलापन स्पष्ट है।

एल्बस प्रवेश करता है और एक सीढ़ी पर ऊपर जाता है।

स्कॉर्पियस प्रवेश करता है और दूसरी सीढ़ी पर ऊपर जाता है।

सीढ़ियाँ मिलती हैं। दोनों लड़के एक–दूसरे की तरफ़ देखते हैं।

पराजित और आशावादी – एक साथ।

और फिर एल्बस दूर देखता है और पल टूट जाता है – और इसके साथ ही, संभवतः दोस्ती भी।

और अब सीढ़ियाँ अलग हो जाती हैं – दोनों एक–दूसरे की तरफ़ देखते हैं – एक ग्लानि से भरा – दूसरा दर्द से भरा – दोनों ही दुखी।

अंक दो दृश्य तेरह

हैरी और जिनी पॉटर का घर, किचन

जिनी और हैरी एक–दूसरे को सतर्क निगाहों से देखते हैं। उनमें बहस होना तय है और दोनों ही यह बात जानते हैं।

हैरी

यही सही निर्णय है।

जिनी

तुम्हें इस बात का पूरा विश्वास है।

हैरी

तुमने मुझसे कहा था कि मैं उसके साथ ईमानदार बनूँ, लेकिन दरअसल मुझे ख़ुद के साथ ईमानदार बनने की ज़रूरत थी, उस बात पर भरोसा करने की ज़रूरत थी, जो मेरा दिल मुझसे कह रहा था...

जिनी

हैरी, तुम्हारे पास अब तक के जादूगरों में सबसे अच्छा दिल है और मुझे यक़ीन नहीं है कि तुम्हारे दिल ने तुमसे यह करने को कहा था।

उन्हें दरवाज़े पर दस्तक सुनाई देती है।

दरवाज़े ने बचा लिया।

वह बाहर जाती है।

एक पल बाद ड्रेको प्रवेश करता है, क्रोध से भरा, लेकिन वह इसे अच्छी तरह छिपा रहा है।

ड्रेको

मैं ज़्यादा देर नहीं रुक सकता। मुझे ज़्यादा समय की ज़रूरत नहीं है।

हैरी

मैं क्या मदद कर सकता हूँ?

ड्रेको

मैं यहाँ तुम्हें विरोधी बनाने नहीं आया हूँ। लेकिन मेरा बेटा आँसुओं में डूबा है और मैं उसका पिता हूँ, इसलिए मैं यहाँ तुमसे पूछने आया हूँ कि तुम दो अच्छे दोस्तों को एक–दूसरे से दूर क्यों रख रहे हो।

हैरी

मैं उन्हें दूर नहीं रख रहा हूँ।

ड्रेको

तुमने स्कूल के टाइमटेबल बदल दिए, तुमने दोनों के शिक्षकों और एल्बस को धमकी दी है। क्यों?

हैरी सावधानी से ड्रेको को देखता है और फिर मुड़ जाता है।

हैरी

मुझे अपने बेटे की रक्षा करनी है।

ड्रेको

स्कॉर्पियस से?

हैरी

बेन ने मुझे बताया है कि वह मेरे बेटे के आस–पास अंधकार महसूस कर रहा है। मेरे बेटे के पास।

ड्रेको

तुम्हारे कहने का मतलब क्या है, पॉटर?

हैरी मुड़ता है और ड्रेको को सीधे उसकी आँखों में झाँकता है।

हैरी

क्या तुम्हें यक़ीन है... क्या तुम्हें पूरा यक़ीन है कि वह तुम्हारा ही बेटा है, ड्रेको?

घातक ख़ामोशी छा जाती है।

ड्रेको

अपने शब्द वापस लो... इसी समय।

लेकिन हैरी अपने शब्द वापस नहीं लेता। इस पर ड्रेको अपनी छड़ी बाहर निकाल लेता है।

हैरी

तुम यह नहीं करना चाहते।

ड्रेको

मैं चाहता हूँ।

हैरी

मैं तुम्हें चोट नहीं पहुँचाना चाहता, ड्रेको।

ड्रेको

कितनी दिलचस्प बात है, क्योंकि मैं तुम्हें चोट पहुँचाना चाहता हूँ।

दोनों आमने-सामने आते हैं। और फिर अपनी छड़ियाँ निकालते हैं।

ड्रेको और हैरी

निरस्त्र भव!

उनकी छड़ियाँ विकर्षित करती हैं और फिर अलग हो जाती हैं।

ड्रेको

धूम्रबंधन!

हैरी ड्रेको की छड़ी से हुए धमाके से बचता है।

हैरी

पगनर्तन!

ड्रेको खुद को रास्ते से दूर फेंकता है।

हैरी

तुम्हारा अभ्यास लगातार चालू है, ड्रेको।

ड्रेको

और तुम्हारा अभ्यास छूट गया है, पॉटर। वृहददंतो!

हैरी आख़िरी पल रास्ते से हटने में कामयाब हो जाता है।

हैरी

गुदगुदीहास्यम्!

धमाके को रोकने के लिए ड्रेको एक कुर्सी का इस्तेमाल करता है।

ड्रेको

पृष्ठगमनो!

हैरी हवा में घूमता हुआ जाता है। ड्रेको हँसता है।

करते रहो, बुजुर्ग आदमी।

हैरी

हम एक ही उम्र के हैं, ड्रेको।

ड्रेको

लेकिन मैंने खुद को ज़्यादा चुस्त रखा है।

हैरी

शरीरबंधन!

ड्रेको कसकर बँध जाता है।

ड्रेको

क्या तुम बस इतना ही कर सकते हो? मुक्तो!

ड्रेको खुद के बंधन खोल लेता है।

उलट-पलट!

हैरी को रास्ते से हटने के लिए छलाँग लगानी पड़ती है।

उच्छलदेह! ओह, यह बहुत ही मज़ेदार है...

ड्रेको हैरी को टेबल पर ऊपर-नीचे उछालता है। और फिर जब हैरी लुढ़कने लगता है, तो ड्रेको कूदकर टेबल पर पहुँच जाता है- अपनी छड़ी तैयार करता है, लेकिन जब वह ऐसा करता है, तो हैरी एक मंत्र मार देता है...

हैरी

चक्षुबंधनो!

ड्रेको पर जैसे ही मंत्र पड़ता है, वह अपनी आँखों की पट्टी जादू से खोल लेता है।

दोनों आमने–सामने आते हैं – हैरी कुर्सी फेंकता है।

ड्रेको नीचे झुक जाता है और अपनी छड़ी से कुर्सी को धीमा कर देता है।

जिनी

मैं इस कमरे से सिर्फ़ तीन मिनट पहले गई थी!

वह किचन के झमेले को देखती है। वह हवा में झूलती कुर्सियों को देखती है। वह अपनी छड़ी से उन्हें दोबारा फ़र्श पर आने का संकेत करती है।

(शुष्क से भी शुष्क लहज़े में।) मैं क्या नहीं देख पाई?

अंक दो दृश्य चौदह

हॉगवर्ट्स, सीढ़ियाँ

स्कॉर्पियस दुखी मन से सीढ़ियाँ उतरता है।

डेल्फ़ी तेज़ी से चलती हुई दूसरी तरफ़ से अंदर आती है।

डेल्फ़ी

तो – तकनीकी दृष्टि से – मुझे यहाँ नहीं होना चाहिए।

स्कॉर्पियस

डेल्फ़ी?

डेल्फ़ी

दरअसल तकनीकी दृष्टि से मैं हमारे अभियान को जोखिम में डाल रही हूँ... जो मैं आम तौर पर... देखो, तुम यह बात जानते हो कि मैं स्वभाव से जोखिम लेने वालों में से नहीं हूँ। मैं कभी हॉगवर्ट्स में नहीं रही हूँ। यहाँ की सुरक्षा काफ़ी ढीली है, है ना? और इतनी सारी तस्वीरें हैं। और गलियारे। और भूत! एक अजीब से दिखने वाले आधे सिरकटे भूत ने मुझे बताया कि तुम कहाँ मिल सकते हो, क्या तुम इस बात पर यक़ीन कर सकते हो?

स्कॉर्पियस

तुम कभी हॉगवर्ट्स नहीं आई थीं?

डेल्फ़ी

मैं बचपन में – कुछ सालों तक – बीमार रही थी। दूसरे लोग यहाँ आए थे – मैं नहीं आ पाई।

स्कॉर्पियस

तुम बहुत बीमार थीं? अफ़सोस है, मुझे यह बात पता नहीं थी।

डेल्फ़ी

मैं इस बात का विज्ञापन नहीं करती हूँ – देखो, मैं चाहती हूँ कि मुझे बेचारा न माना जाए।

यह बात स्कॉर्पियस को समझ आ जाती है। वह कुछ कहने के लिए ऊपर देखता है, लेकिन डेल्फ़ी अचानक नीचे झुककर ओझल हो जाती है, जब एक विद्यार्थी पास से गुज़रता है। स्कॉर्पियस विद्यार्थी के गुज़रने तक सामान्य दिखने की कोशिश करता है।

क्या वे चले गए?

स्कॉर्पियस

डेल्फ़ी, शायद तुम्हारा यहाँ रहना बहुत ख़तरनाक है –

डेल्फ़ी

देखो – किसी न किसी को तो इस बारे में कुछ करना होगा।

स्कॉर्पियस

डेल्फ़ी, इसमें से कुछ भी कारगर नहीं रहा। काल–परिवर्तक के बावजूद हम समय को नहीं बदल पाए।

डेल्फ़ी

मुझे पता है। एल्बस ने मुझे उल्लू भेज दिया था। इतिहास की पुस्तकें बदलीं ज़रूर, लेकिन पर्याप्त नहीं – सेडरिक अब भी मरा हुआ है। दरअसल पहले काम की नाकाम कोशिश ने उसे दूसरे काम में जीतने के लिए ज़्यादा संकल्पवान बना दिया है।

स्कॉर्पियस

और रॉन तथा हर्माइनी पूरी तरह बदल गए हैं – और मैं अब तक समझ नहीं पाया हूँ कि क्यों।

डेल्फ़ी

इसीलिए सेडरिक को इंतज़ार करना पड़ा है। यह सब बहुत दुविधापूर्ण हो गया है और तुमने बिलकुल सही किया कि काल–परिवर्तक अपने पास रख लिया, स्कॉर्पियस। लेकिन मेरा मतलब यह था – किसी को तुम दोनों के बारे में कुछ करना चाहिए।

स्कॉर्पियस

ओह।

डेल्फ़ी

तुम बहुत पक्के दोस्त हो। उसके भेजे हर उल्लू में मुझे तुम्हारी कमी महसूस होती है। इसकी वजह से वह तबाह हो रहा है।

स्कॉर्पियस

लगता है उसे रोने के लिए एक कंधा मिल गया है। उसने अब तक तुम्हें कितने उल्लू भेजे हैं?

डेल्फ़ी हल्के से मुस्कुराती है।

माफ़ करना। यह – मेरा यह मतलब नहीं था – मैं तो बस – यह नहीं समझ पाता हूँ कि हो क्या रहा है। मैंने उससे मिलने की कोशिश की है, बात करने की कोशिश की है, लेकिन हर बार वह भाग जाता है।

डेल्फ़ी

जानते हो, जब मैं तुम्हारी उम्र की थी, तो मेरा कोई दोस्त नहीं था। मैं कोई दोस्त चाहती थी। बड़ी शिद्दत से। जब मैं बहुत छोटी थी, तो मैंने एक दोस्त ईजाद भी किया था, लेकिन –

स्कॉर्पियस

मेरे पास भी एक ऐसी ही थी। नाम था फ्लरी। हम गॉबस्टोन्स खेल के सही नियमों पर हुए झगड़े की वजह से अलग–अलग हुए थे।

डेल्फ़ी

एल्बस को तुम्हारी ज़रूरत है, स्कॉर्पियस। यह एक अद्भुत चीज़ है।

स्कॉर्पियस

वह मुझसे क्या चाहता है?

डेल्फ़ी

यही तो बात है। दोस्ती के बारे में। आप नहीं जानते कि सामने वाले को क्या चाहिए। आप तो बस इतना जानते हैं कि उसे यह चाहिए। उसे खोजो स्कॉर्पियस। तुम दोनों की जोड़ी बेहतरीन है।

अंक दो दृश्य पंद्रह

हैरी और जिनी पॉटर का घर, किचन

हैरी *और* ड्रेको *दूर–दूर बैठे हैं।* जिनी *उनके बीच खड़ी है।*

ड्रेको

तुम्हारे किचन के बारे में अफ़सोस है, जिनी।

जिनी

ओह, यह मेरा किचन नहीं है। ज़्यादातर खाना तो हैरी बनाता है।

ख़ामोशी।

ड्रेको *(यह उसके लिए मुश्किल है)*

मैं भी उससे बात नहीं कर पाता हूँ। स्कॉर्पियस से। ख़ास तौर पर जब से – एस्टोरिया गई है। मैं तो इस बारे में भी बात नहीं कर पाता कि उसके जाने का स्कॉर्पियस पर क्या असर हुआ है। मैं चाहे जितनी कोशिश कर लूँ, उस तक पहुँच ही नहीं पाता हूँ। तुम एल्बस से बात नहीं कर पाते हो। मैं स्कॉर्पियस से बात नहीं कर पाता हूँ। असल बात यही है। बात यह नहीं है कि मेरा बेटा बुरा है। देखो, तुम किसी घमंडी सेनटॉर की बात को चाहे जितना महत्वपूर्ण मानो, लेकिन तुम दोस्ती की शक्ति जानते हो।

हैरी

ड्रेको, तुम चाहे जो सोचते हो –

ड्रेको

उन लोगों के कारण मैं तुमसे जलता था – वीज़्ली और ग्रेंजर। मेरे पास थे –

जिनी

क्रैब और गॉइल।

ड्रेको

दो मूर्ख, जो झाड़ू के अगले और पिछले सिरे का फ़र्क़ भी नहीं जानते थे। तुम – तुम तीनों – जगमगाते थे, जानते हो? तुम एक–दूसरे को पसंद करते थे। तुम मज़े करते थे। मुझे इस मित्रता की वजह से तुमसे जितनी ईर्ष्या हुई है, उतनी किसी दूसरी चीज़ से नहीं हुई।

जिनी

मुझे भी ईर्ष्या होती थी।

हैरी जिनी *की ओर देखता है, हैरानी से।*

हैरी

मुझे उसकी रक्षा करना है –

ड्रेको

मेरे डैडी सोचते थे कि वे मेरी रक्षा कर रहे हैं। ज़्यादातर वक़्त। लोग कहते हैं कि संतानों की परवरिश संसार का सबसे मुश्किल काम है – वे ग़लत कहते हैं – बड़े होना सबसे मुश्किल काम होता है। हम सब बस यह भूल जाते हैं कि यह कितना मुश्किल था।

हैरी *इन शब्दों का प्रतिरोध करने की बहुत कोशिश करता है, लेकिन ये उसके दिल को छू जाते हैं।*

ड्रेको

मैं सोचता हूँ कि इंसान को एक विकल्प चुनना होता है – एक निश्चित बिंदु पर – कि वह किस तरह का इंसान बनना चाहता है। और मैं तुम्हें बता देता हूँ कि उस वक़्त इंसान को किसी अभिभावक या दोस्त की ज़रूरत होती है। और अगर तब तक वह अपने अभिभावक से नफ़रत करने लगता है और उसके पास कोई दोस्त नहीं होता है... तो वह बिलकुल अकेला हो जाता है। और बिलकुल अकेला होना – यह बहुत मुश्किल होता है। मैं अकेला था। और इसने मुझे एक सचमुच अँधेरी जगह पर भेज दिया। लंबे समय तक। टॉम रिडल भी बिलकुल अकेला लड़का

था। तुम इसे नहीं समझ सकते हैरी, लेकिन मैं समझता हूँ – और मेरे ख़्याल से जिनी भी समझती है।

जिनी

ड्रेको की बात सही है।

हैरी जिनी की तरफ़ देखता है।

ड्रेको

टॉम रिडल अपनी अँधेरी जगह से बाहर नहीं निकल पाया। इसलिए टॉम रिडल लॉर्ड वोल्डेमॉर्ट बन गया। बेन ने जो काला बादल देखा था, शायद वह एल्बस का अकेलापन ही था। उसका दर्द। उसकी नफ़रत। अपने बेटे को मत गँवाओ। तुम्हें इसका अफ़सोस होगा। और उसे भी होगा। क्योंकि उसे तुम्हारी और स्कॉर्पियस की ज़रूरत है।

हैरी ड्रेको की तरफ़ देखता है, वह सोचता है।

वह बोलने के लिए मुँह खोलता है। वह सोचता है।

जिनी

हैरी। छू पाउडर तुम लाओगे या मैं लाऊँ?

अंक दो दृश्य सोलह

हॉगवर्ट्स, लाइब्रेरी

स्कॉर्पियस लाइब्रेरी में आता है। वह दाएँ–बाएँ देखता है। और फिर उसे एल्बस दिख जाता है। और एल्बस उसे देखता है।

स्कॉर्पियस

हाय।

एल्बस

स्कॉर्पियस, मैं नहीं...

स्कॉर्पियस

मैं जानता हूँ। तुम अब गरुड़द्वार में हो। तुम अब मुझे देखना तक नहीं चाहते हो। लेकिन फिर भी मैं यहाँ हूँ। तुमसे बात कर रहा हूँ।

एल्बस

देखो, मैं बात नहीं कर सकता, इसलिए...

स्कॉर्पियस

तुम्हें करनी होगी। तुम सोचते हो कि जो भी हुआ है, तुम उस हर चीज़ को नज़रअंदाज़ कर सकते हो। क्या तुमने ग़ौर किया है कि दुनिया कितनी बदल गई है?

एल्बस

मैं जानता हूँ, ठीक है? रॉन विचित्र हो गए हैं। हर्माइनी प्रोफ़ेसर बन गई हैं, यह सब ग़लत है, लेकिन –

स्कॉर्पियस

और रोज़ का तो वजूद ही नहीं है–

एल्बस

मैं जानता हूँ। देखो, मैं हर चीज़ नहीं समझता हूँ, लेकिन तुम यहाँ नहीं रह सकते।

स्कॉर्पियस

– हमने जो किया था, उसकी वजह से रोज़ तो पैदा ही नहीं हो पाई। क्या तुम्हें याद है कि त्रिकोणीय जादूगरी टूर्नामेंट के यूल बॉल के बारे में क्या बताया गया था? चारों त्रिकोणीय चैंपियन अपने साथ एक जोड़ीदार को ले गए थे। तुम्हारे डैडी पार्वती पाटिल को ले गए थे, विक्टर क्रम –

एल्बस

हर्माइनी को ले गया था। और रॉन को जलन होने लगी और उसने मूर्खों जैसा बर्ताव किया।

स्कॉर्पियस

लेकिन नए इतिहास में उसने ऐसा नहीं किया। मैंने उनके बारे में रीटा स्कीटर की पुस्तक पढ़ी है। और यह बहुत अलग है। हर्माइनी को रॉन बॉल में ले गया था।

एल्बस

क्या?

पॉली चैपमैन

श्श्श्श!

स्कॉर्पियस पॉली की तरफ़ देखता है और वह अपनी आवाज़ धीमी कर लेता है।

स्कॉर्पियस

दोस्त की तरह। और उन्होंने दोस्ताना अंदाज़ में डांस किया, और यह अच्छा था। फिर उसने पद्मा पाटिल के साथ डांस किया और यह और भी अच्छा था, और उन्होंने डेटिंग शुरू कर दी। इसके बाद वह थोड़ा बदल गया और फिर उनकी शादी हो गई। इस दौरान हर्माइनी बन गईं –

एल्बस

–मनोरोगी।

स्कॉर्पियस

हर्माइनी को उस बॉल में क्रम के साथ जाना था – जानते हो, उसने ऐसा क्यों नहीं किया? क्योंकि उसे शक था कि पहले काम से पहले उसे डर्मस्ट्रैंग के जो दो लड़के मिले थे, उन्होंने किसी तरह सेडरिक की छड़ी ग़ायब कर दी थी। उसे यक़ीन था कि विक्टर के कहने पर हमने सेडरिक को पहले काम में नाकाम कराया था...

एल्बस

वाह!

स्कॉर्पियस

और क्रम के बिना रॉन को ईर्ष्या हुई ही नहीं और वह ईर्ष्या सबसे अहम बात थी, इसीलिए रॉन और हर्माइनी बहुत अच्छे दोस्त बने रहे, लेकिन उनमें कभी प्रेम नहीं हुआ – कभी शादी नहीं हुई – *कभी रोज़ नहीं हुई।*

एल्बस तेज़ी से हिसाब लगाता है।

एल्बस

तो इसीलिए डैडी इतने – क्या वे भी बदले हैं?

स्कॉर्पियस

मुझे पूरा यक़ीन है कि तुम्हारे डैडी बिलकुल वैसे ही हैं। जादुई क़ानून अनुपालन विभाग के प्रमुख। जिनी से विवाहित। तीन संतानें।

एल्बस

तो फिर वे इतने –

कमरे के पीछे की तरफ़ लाइब्रेरियन आती है।

स्कॉर्पियस

क्या तुमने मेरी बात सुनी, एल्बस? यह मामला तुमसे और तुम्हारे डैडी से ज़्यादा बड़ा है। प्रोफ़ेसर क्रोकर का नियम – कोई भी इंसान यात्री या समय को गंभीर नुक़सान पहुँचाए बिना जो अधिकतम दूरी तय करके पीछे लौट सकता है, वह पाँच घंटे की है। और हम कई साल पीछे गए थे। सबसे छोटा पल, सबसे छोटा

परिवर्तन भी लहरें पैदा करता है। और हमने – हमने सचमुच बुरी लहरें पैदा की हैं। हमने जो काम किया, उसकी वजह से रोज़ का तो कभी जन्म ही नहीं हुआ। रोज़।

लाइब्रेरियन

श्श्श्श्श!

एल्बस तेज़ी से सोचता है।

एल्बस

ठीक है, चलो लौटकर चलते हैं – हमने जो गड़बड़ी की है, उसे दुरुस्त करते हैं। सेडरिक और रोज़ को दोबारा लौटा लाते हैं।

स्कॉर्पियस

... यह ग़लत जवाब है।

एल्बस

तुम्हारे पास काल–परिवर्तक तो अब भी है, है ना? उसे कोई नहीं खोज पाया?

स्कॉर्पियस *अपनी जेब से काल–परिवर्तक निकालता है।*

स्कॉर्पियस

हाँ, लेकिन...

एल्बस इसे उसके हाथ से झपटकर छीन लेता है।

नहीं। ऐसा मत करो... एल्बस। क्या तुम यह नहीं समझते हो कि हालात कितने बिगड़ सकते हैं?

स्कॉर्पियस *काल–परिवर्तक पर झपटता है, एल्बस उसे धक्का देता है, वे अनाड़ियों की तरह कुश्ती करते हैं।*

एल्बस

हालात सही करने की ज़रूरत है, स्कॉर्पियस। सेडरिक को अब भी बचाने की ज़रूरत है। रोज़ को वापस लौटाने की ज़रूरत है। हम ज़्यादा सतर्क रहेंगे। क्रोकर ने चाहे जो कहा हो, मुझ पर भरोसा रखो, हम पर भरोसा रखो। हम इस बार इसे सही कर लेंगे।

स्कॉर्पियस

नहीं। हम नहीं करेंगे। इसे वापस लौटा दो, एल्बस! वापस लौटा दो!

एल्बस

मैं ऐसा नहीं कर सकता। यह बहुत महत्वपूर्ण है।

स्कॉर्पियस

हाँ, यह इतना ज़्यादा महत्वपूर्ण है कि हमारे वश की बात नहीं है। हम इस काम में अच्छे नहीं हैं। हम इसे ग़लत कर लेंगे।

एल्बस

कौन कह रहा है कि हम इसे ग़लत करेंगे?

स्कॉर्पियस

मैं कहता हूँ। क्योंकि *हम ऐसा ही करते हैं।* हम सब गड़बड़ कर देते हैं। हम हमेशा हारते हैं। हम हारने वाले लोग हैं, सच्चे और पूरी तरह पराजित। क्या तुम्हें अब तक इस बात का अहसास नहीं हुआ?

एल्बस *आख़िरकार जीत जाता है और* स्कॉर्पियस *को ज़मीन पर दबा देता है।*

एल्बस

देखो, तुमसे मिलने से पहले मैं नहीं हारता था।

स्कॉर्पियस

एल्बस, तुम्हें अपने डैडी के सामने जो भी साबित करना हो – यह उसका तरीक़ा नहीं है –

एल्बस

मुझे अपने डैडी के सामने कुछ साबित नहीं करना है। मुझे रोज़ को बचाने के लिए सेडरिक को बचाना है। और शायद, अगर तुम मुझे पीछे न रोको, तो मैं इसकी सही कोशिश कर सकता हूँ।

स्कॉर्पियस

मेरे बिना? ओह बेचारा एल्बस पॉटर। उसके कंधे पर कितना सारा बोझ है। बेचारा एल्बस पॉटर। कितनी दुखद बात है।

एल्बस

तुम क्या कह रहे हो?

स्कॉर्पियस *(विस्फोट करते हुए)*

मेरी ज़िंदगी जीकर देखो! लोग तुम्हारी तरफ़ इसलिए देखते हैं, क्योंकि तुम्हारे डैडी मशहूर हैरी पॉटर हैं, जादूगरी के संसार के

मुक्तिदाता। लोग मेरी तरफ़ इसलिए देखते हैं, क्योंकि वे सोचते हैं कि वोल्डेमॉर्ट मेरा बाप है। वोल्डेमॉर्ट!

एल्बस

यह कैसी –

स्कॉर्पियस

क्या तुम ज़रा भी कल्पना कर सकते हो कि यह कैसा लगता होगा? क्या तुमने कभी इसकी कोशिश भी की है? नहीं। क्योंकि तुम अपनी नाक के आगे नहीं देख सकते। क्योंकि तुम अपने डैडी के साथ अपने मूर्खतापूर्ण मतभेद के आगे नहीं देख सकते। देखो, वे हमेशा हैरी पॉटर रहेंगे, है ना? और तुम हमेशा उनके बेटे रहोगे। और मैं जानता हूँ कि यह मुश्किल है और दूसरे बच्चे बहुत बुरे हैं, लेकिन तुम्हें इसके साथ रहना सीखना होगा, क्योंकि – इससे भी बदतर चीज़ें हैं, ठीक है?

अंतराल।

जब मुझे महसूस हुआ कि समय बदल गया है, तो पल भर के लिए मैं रोमांचित हुआ था। वह पल, जब मैंने सोचा था कि शायद मेरी मम्मी बीमार नहीं हुई होंगी। शायद मेरी मम्मी मरी नहीं होंगी। लेकिन नहीं, मुझे पता चला कि वे मर गई थीं। लोग मुझे अब भी वोल्डेमॉर्ट की संतान मानते हैं, जिसकी माँ चल बसी है और मैं उस लड़के को सहानुभूति दे रहा हूँ, जो कोई चीज़ लौटाता नहीं है। तो मुझे अफ़सोस है कि मैंने तुम्हारी ज़िंदगी तबाह कर दी, क्योंकि मैं तुम्हें बता देता हूँ – तुम्हें मेरी ज़िंदगी तबाह करने का मौक़ा नहीं मिलेगा – यह पहले ही तबाह थी। तुम बस इसे बेहतर नहीं बना पाए। क्योंकि तुम एक भयानक – सबसे भयानक – दोस्त हो।

एल्बस इस बात को पचाता है। वह देखता है कि उसने अपने दोस्त के साथ क्या किया है।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल *(दूर से)*

एल्बस? एल्बस पॉटर। स्कॉर्पियस मैल्फ़ॉय। क्या तुम एक साथ वहाँ हो? क्योंकि मैं तुम्हें सलाह देती हूँ कि साथ मत रहो।

एल्बस स्कॉर्पियस की तरफ़ देखता है, वह अपने बैग से एक चोगा निकालता है।

एल्बस

जल्दी। हमें छिप जाना चाहिए।

स्कॉर्पियस

क्या?

एल्बस

स्कॉर्पियस, मेरी तरफ़ देखो।

स्कॉर्पियस

यह अदृश्य चोगा है? यह तो जेम्स का है?

एल्बस

अगर उन्होंने हमें ढूँढ़ लिया, तो वे हमें हमेशा के लिए अलग कर देंगी। प्लीज़। मैं नहीं समझता था। प्लीज़।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल *(दूर से, उन्हें हर मौक़ा देते हुए)*

मैं अंदर आने वाली हूँ।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल कमरे में आती हैं, उनके हाथ में नक़्शा है। लड़के चोगे के नीचे छिप जाते हैं। वे परेशानी में चारों तरफ़ देखती हैं।

वे कहाँ गए – मैं नक़्शा कभी नहीं चाहती थी और अब यह मेरे साथ चालें चल रहा है।

वे सोचती हैं। वे नक़्शे को दोबारा देखती हैं। वे समझ जाती हैं कि उन्हें कहाँ होना चाहिए। वे कमरे में चारों तरफ़ देखती हैं।

जब लड़के उनके पास से अदृश्य होकर गुज़रते हैं, तो नक़्शे के बिंदु हिलते हैं। प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल देख लेती हैं कि वे किधर जा रहे हैं। वे उनका रास्ता रोकने की कोशिश करती हैं। लेकिन लड़के उनके पास से घूमकर निकल जाते हैं। आख़िर एक पुस्तक गिरकर उन्हें बता देती है कि वे क्या कर रहे हैं (और चोगे का इस्तेमाल कर रहे हैं)।

तुम्हारे डैडी का चोगा।

वे एक बार फिर नक़्शा देखती हैं। वे लड़कों की तरफ़ देखती हैं। वे सोचती हैं। वे मन ही मन मुस्कुराती हैं।

अच्छी बात है! अगर मैंने तुम्हें नहीं देखा, तो तुम यहाँ नहीं हो।

वे बाहर चली जाती हैं। दोनों लड़के चोगा हटा देते हैं। वे एक पल ख़ामोशी में बैठते हैं।

एल्बस

हाँ, मैंने इसे जेम्स से चुरा लिया था। उससे चुराना बहुत आसान है। उसके संदूक का पासवर्ड वह तारीख़ है, जब उसे उसकी पहली झाड़ू मिली थी। मैंने पाया कि चोगे की बदौलत सताने वालों से बचना ज़्यादा आसान होता है।

स्कॉर्पियस *सिर हिलाता है।*

मुझे अफ़सोस है – तुम्हारी मम्मी के बारे में। मैं जानता हूँ कि हम उनके बारे में पर्याप्त बात नहीं करते हैं – लेकिन मुझे उम्मीद है तुम जानते होगे – मुझे अफ़सोस है – यह बकवास है – जो उनके साथ हुआ – जो तुम्हारे साथ हुआ।

स्कॉर्पियस

धन्यवाद।

एल्बस

मेरे डैडी ने कहा था – कहा था कि तुम मेरे आस–पास के काले बादल हो। मेरे डैडी सोचने लगे – और मैं बस जानता था कि मुझे दूर रहना है और अगर मैं नहीं रहा, तो डैडी ने कहा कि वे –

स्कॉर्पियस

तुम्हारे डैडी भी अफ़वाहों को सच मानते हैं – कि मैं वोल्डेमॉर्ट का बेटा हूँ?

एल्बस *(सिर हिलाते हुए)*

उनका विभाग इस वक़्त इसकी जाँच कर रहा है।

स्कॉर्पियस

अच्छी बात है। उन्हें करने दो। कई बार – कई बार तो मेरे मन में आता है – कहीं यह बात सच न हो।

एल्बस

नहीं। ये बातें सच नहीं हैं। और मैं तुम्हें बता दूँ क्यों। क्योंकि मैं नहीं सोचता कि वोल्डेमॉर्ट इतना अच्छा और दयालु बेटा पैदा कर सकता था – और तुम अच्छे हो, स्कॉर्पियस। अपने दिल की गहराई तक, अपनी अँगुलियों के कोनों तक। मुझे पूरा यक़ीन है कि वोल्डेमॉर्ट – वोल्डेमॉर्ट को तुम जैसी संतान नहीं हो सकती।

अंतराल। यह बात स्कॉर्पियस के दिल को छू जाती है।

स्कॉर्पियस

बहुत बढ़िया – तुमने बड़ी अच्छी बात कही।

एल्बस

और यह बात मुझे बहुत पहले कह देनी चाहिए थी। और तुम मुझे पीछे रोककर नहीं रखते हो – नहीं रख सकते हो – तुम तो मुझे ज़्यादा शक्तिशाली बनाते हो – और जब डैडी ने हमें अलग रहने पर मजबूर किया – तो तुम्हारे बिना –

स्कॉर्पियस

तुम्हारे बिना मुझे भी अपनी ज़िंदगी ज़रा भी रास नहीं आई।

एल्बस

और मैं जानता हूँ कि मैं हमेशा हैरी पॉटर का बेटा रहूँगा – और मैं इसे अपने दिमाग़ में सुलझा लूँगा – और मैं जानता हूँ कि तुम्हारी तुलना में मेरी ज़िंदगी दरअसल काफ़ी अच्छी है और वे तथा मैं तुलनात्मक रूप से सौभाग्यशाली हैं और –

स्कॉर्पियस *(बीच में बोलते हुए)*

एल्बस, जहाँ तक माफ़ी का सवाल है, यह आश्चर्यजनक रूप से बहुत ज़्यादा है, लेकिन एक बार फिर तुम मेरे बजाय *अपने* बारे में बात करने लगे हो, तो बेहतर होगा कि जब तुम आगे हो, तभी इसे छोड़ दो।

एल्बस मुस्कुराता है और एक हाथ आगे बढ़ाता है।

एल्बस

दोस्त?

स्कॉर्पियस

हमेशा के लिए।

स्कॉर्पियस अपना हाथ बढ़ाता है। एल्बस स्कॉर्पियस को खींचकर गले लगा लेता है।

यह दूसरी बार है, जब तुमने ऐसा किया है।

दोनों लड़के अलग हो जाते हैं और मुस्कुराते हैं।

एल्बस

लेकिन मुझे ख़ुशी है कि हमारे बीच यह बहस हुई, क्योंकि इससे मेरे दिमाग़ में एक बहुत ही अच्छा विचार आया है।

स्कॉर्पियस

किस बारे में?

एल्बस

दूसरे काम के बारे में। और अपमान के बारे में।

स्कॉर्पियस

तुम अब भी समय में पीछे लौटने की बात कर रहे हो? क्या हम वही बातचीत कर रहे हैं?

एल्बस

तुम सही हो – हम पराजित होने वाले लोग हैं। हम हारने में माहिर हैं और इसलिए हमें यहाँ अपने ख़ुद के ज्ञान का इस्तेमाल करना चाहिए। अपनी ख़ुद की शक्तियों का। पराजित लोगों को पराजित बनना सिखाया जाता है। और पराजित को सिखाने का केवल एक ही तरीक़ा है – और हम इसे किसी से भी बेहतर जानते हैं – अपमान। हमें उसे अपमानित करने की ज़रूरत है। इसलिए दूसरे काम में हम यही करेंगे।

स्कॉर्पियस सोचता है – लंबे समय तक – और फिर मुस्कुराता है।

स्कॉर्पियस

यह बहुत अच्छी रणनीति है।

एल्बस

मैं जानता हूँ।

स्कॉर्पियस

मेरा मतलब है, काफ़ी शानदार। सेडरिक को बचाने के लिए सेडरिक को अपमानित करो। चतुराई भरी। और रोज़?

एल्बस

उसे मैं एक ज़ोरदार आश्चर्य के रूप में बचा रहा हूँ। मैं इसे तुम्हारे बिना कर *सकता* हूँ – लेकिन मैं *चाहता* हूँ कि तुम वहाँ रहो। क्योंकि मैं चाहता हूँ कि हम यह काम इकट्ठे करें। चीज़ों को इकट्ठे सही करें। इसलिए... क्या तुम आओगे?

स्कॉर्पियस

एक मिनट तो रुको। देखो, दूसरा काम झील में हुआ है – हुआ था और तुम्हें तो स्कूल से बाहर जाने की भी इजाज़त नहीं है!

एल्बस मुस्कुराता है।

एल्बस

हाँ। उसका भी तोड़ है... हमें पहली मंज़िल पर लड़कियों के बाथरूम में चलना होगा।

अंक दो दृश्य सत्रह

हॉगवर्ट्स, सीढ़ियाँ

रॉन सीढ़ी उतर रहा है, खोया हुआ। फिर वह हर्माइनी को देखता है और उसके चेहरे का पूरा भाव बदल जाता है।

रॉन

प्रोफ़ेसर ग्रेंजर।

हर्माइनी उसे देखती है, उसका दिल थोड़ा उछल जाता है (हालाँकि वह इसे स्वीकार नहीं करेगी)।

हर्माइनी

रॉन। तुम यहाँ क्या कर रहे हो?

रॉन

काढ़े की क्लास में पंजू थोड़ी मुश्किल में पड़ गया था। ज़ाहिर है, शान झाड़ रहा था और उसने ग़लत चीज़ में ग़लत चीज़ मिला दी, और अब उसकी भौंहें नहीं हैं और थोड़ी ज़्यादा बड़ी मूँछ आ गई है। जो उस पर अच्छी नहीं लगती है। मैं तो आना नहीं चाहता था, लेकिन पद्मा ने कहा कि जब चेहरे की बात आती है, तो बेटों को अपने पिता की ज़रूरत होती है। क्या तुमने अपने बालों के साथ कुछ किया है?

हर्माइनी

मुझे लगता है, बस बाल सँवारे हैं।

रॉन

देखो... बाल सँवारना तुम पर बहुत अच्छा लगता है।

हर्माइनी रॉन को थोड़े अजीब ढंग से देखती है।

हर्माइनी

रॉन, मेरी तरफ़ ऐसे मत देखो!

रॉन *(आत्मविश्वास जुटाते हुए)*

जानती हो, हैरी का बेटा एल्बस – मुझसे उस दिन बोल रहा था कि तुम्हारी और मेरी – शादी हो गई है। हा हा। हा। हा। मूर्खतापूर्ण बात, मैं जानता हूँ।

हर्माइनी

बहुत ही मूर्खतापूर्ण।

रॉन

वह तो यह भी कहता था कि हमारी एक बेटी है। यह तो अजीब बात है, है ना?

दोनों की नज़रें मिलती हैं। हर्माइनी पहले नज़रों का यह संपर्क तोड़ती है।

हर्माइनी

अजीब से भी अजीब।

रॉन

बिलकुल। हम – दोस्त हैं... बस इतना ही।

हर्माइनी

बिलकुल। सिर्फ़ – दोस्त।

रॉन

सिर्फ़ – दोस्त। अजीब शब्द है – दोस्त। उतना अजीब भी नहीं। दरअसल सिर्फ़ एक शब्द। दोस्त। दोस्त। अजीब दोस्त। तुम, मेरी अजीब दोस्त, मेरी हर्माइनी। नहीं, नहीं – मेरी हर्माइनी नहीं, तुम समझती हो – **मेरी** हर्माइनी नहीं – **मेरी** नहीं – पता है, लेकिन...

हर्माइनी

पता है।

एक अंतराल होता है। दोनों में से कोई भी एक इंच भी नहीं हिलता है। हर चीज़ इतनी महत्वपूर्ण लगती है कि हिलने से उस पल के टूटने का ख़तरा महसूस होता है। फिर रॉन खाँसता है।

रॉन

अच्छा। अब चलना चाहिए। पंजू को सही करता हूँ। उसे मूँछ उगाने की सूक्ष्म कला सिखाता हूँ।

वह जाता है, मुड़ता है, हर्माइनी को देखता है। वह पलटकर देखती है, वह एक बार फिर जल्दी से जाता है।

तुम्हारे बाल सचमुच तुम पर बहुत अच्छे लगते हैं।

अंक दो दृश्य अठारह

हॉगवट्र्स, हेडमिस्ट्रेस का ऑफ़िस

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल मंच पर अकेली हैं। वे नक़्शा देखती हैं। उनकी त्योरी चढ़ जाती है। वे इसे अपनी छड़ी से ठोंकती हैं। वे मुस्कुराती हैं, जैसे उन्होंने कोई अच्छा निर्णय ले लिया हो।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

उलझन सुलझन।

कोलाहल सुनाई देता है।

पूरा मंच काँपता नज़र आता है।

चिमनी में से जिनी सबसे पहले निकलती है, फिर हैरी आता है।

जिनी

प्रोफ़ेसर, हम ज़्यादा गरिमामय तरीक़े से नहीं आए हैं।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

पॉटर। तुम लौट आए। और ऐसा लगता है कि आख़िरकार तुमने मेरा गलीचा बर्बाद कर दिया है।

हैरी

मुझे अपने बेटे को खोजना है। हमें खोजना है।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

हैरी, मैंने इस बारे में सोचा है और इस नतीजे पर पहुँची हूँ कि मैं यह काम नहीं करना चाहती। तुम चाहे जो धमकी दो, मैं –

हैरी

मिनर्वा, मैं यहाँ लड़ने नहीं, शांति स्थापित करने आया हूँ। मुझे आपसे उस तरह नहीं बोलना चाहिए था।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

मुझे नहीं लगता कि मैं दोस्तों के मामले में हस्तक्षेप कर सकती हूँ और मैं मानती हूँ –

हैरी

मुझे आपसे सॉरी कहना है और एल्बस से सॉरी कहना है। क्या आप मुझे यह मौक़ा देंगी?

ड्रेको उनके पीछे राख के धमाके के साथ आता है।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

ड्रेको?

ड्रेको

उसे अपने बेटे से मिलना है और मुझे अपने बेटे से मिलना है।

हैरी

जैसा मैंने कहा, युद्ध नहीं – शांति।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल हैरी का चेहरा ग़ौर से देखती हैं। उन्हें सच्चाई की झलक दिख जाती है, जो वे देखना चाहती हैं। वे अपनी जेब से नक़्शा फिर बाहर निकालती हैं। वे उसे खोलती हैं।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

अच्छी बात है, निश्चित रूप से मैं शांति का हिस्सा बनने को तैयार हूँ।

वे अपनी छड़ी से नक़्शे को ठोंकती हैं। आह भरती हैं।

मैं क़सम खाती हूँ कि मैं जो भी कहूँगी, झूठ कहूँगी और झूठ के सिवाय कुछ नहीं कहूँगी।

नक़्शे की बत्तियाँ जल जाती हैं।

देखो, वे एक साथ हैं।

ड्रेको

पहली मंज़िल पर लड़कियों के बाथरूम में। पर वे वहाँ क्या कर रहे हैं?

अंक दो दृश्य उन्नीस

हॉगवर्ट्स, लड़कियों का बाथरूम

स्कॉर्पियस और एल्बस बाथरूम में दाख़िल होते हैं। इसके बीच में एक बड़ा विक्टोरियन सिंक है।

स्कॉर्पियस

तो मैं इसे सही समझ लूँ – योजना है वृहदो ...

एल्बस

हाँ। स्कॉर्पियस, ज़रा वह साबुन निकालना...

स्कॉर्पियस सिंक से साबुन बाहर निकालता है।

वृहदो!

वह अपनी छड़ी से मंत्र पढ़ता है। साबुन फूलकर चार गुना बड़ा हो जाता है।

स्कॉर्पियस

अच्छा है। मैं प्रभावित हुआ।

एल्बस

दूसरा काम झील में हुआ था। उन्हें कोई ऐसी चीज़ लाना थी, जो उनसे चुरा ली गई थी, जो –

स्कॉर्पियस

– वे लोग थे, जिनसे वे प्रेम करते थे।

एल्बस

सेडरिक ने झील में तैरने के लिए बबल–हेड चार्म यानी बुलबुले–सिर सम्मोहन का इस्तेमाल किया था। हमें तो बस वहाँ

उसके पीछे जाना है और वृहदो मंत्र पढ़कर उसे ज़्यादा बड़ी चीज़ में बदलना है। काल–परिवर्तक हमें ज़्यादा समय नहीं देता है, इसलिए हमें फुर्ती से काम करना होगा। उस तक पहुँचो और वृहदो मंत्र से उसके सिर को बड़ा बना दो और उसे झील से बाहर निकलते हुए देखो – काम से दूर जाते हुए देखो – प्रतिस्पर्धा से दूर जाते हुए देखो...

स्कॉर्पियस

लेकिन – तुमने अब भी मुझे यह नहीं बताया कि हम दरअसल झील तक पहुँचेंगे कैसे...

और अचानक सिंक से पानी की धारा निकलती है। इसके बाद बहुत गीली रोतली मीना *प्रकट होती है।*

रोतली मीना

ओहो। यह अच्छा महसूस होता है। इसमें कभी मज़ा नहीं आता था। लेकिन मेरी उम्र में तो मुझे जो मिल जाए, उसी से काम चलाना होगा...

स्कॉर्पियस

ज़ाहिर है – तुम जीनियस हो – रोतली मीना...

रोतली मीना स्कॉर्पियस *पर झपटती है।*

रोतली मीना

तुमने मुझे क्या कहा? क्या मैं रोतली हूँ? क्या मैं इस समय रो रही हूँ? *क्या मैं? क्या मैं?*

स्कॉर्पियस

नहीं।

रोतली मीना

मेरा क्या नाम है?

स्कॉर्पियस

मीना

रोतली मीना

सही कहा – मीना। एलिज़ाबेथ वॉरेन मीना – एक सुंदर नाम – मेरा नाम। रोतली की ज़रूरत नहीं है।

(वह खी–खी करती है)

काफ़ी अरसा हो गया है। लड़कों। मेरे बाथरूम में। लड़कियों के मेरे बाथरूम में। देखो, यह सही नहीं है... लेकिन क्या करूँ, मेरे मन में पॉटर नाम वालों के लिए हमेशा नर्म कोना रहा है। और मैंने मैल्फ़ॉय के साथ भी थोड़ा पक्षपात किया था। अब बताओ, मैं तुम दोनों की क्या मदद कर सकती हूँ?

एल्बस

तुम वहाँ थीं मीना – झील में। यह पुस्तकों में लिखा हुआ था। इन पाइपों से बाहर जाने का कोई न कोई तरीक़ा तो होगा।

रोतली मीना

मैं हर जगह रह चुकी हूँ। लेकिन यह तो बताओ कि तुम किस जगह के बारे में सोच रहे हो?

एल्बस

दूसरा काम। झील वाला काम। त्रिकोणीय जादूगरी टूर्नामेंट में। पच्चीस साल पहले। हैरी और सेडरिक।

रोतली मीना

कितने अफ़सोस की बात है कि उस सुंदर लड़के को मरना पड़ा। ऐसी बात नहीं है कि तुम्हारे डैडी आकर्षक नहीं हैं – लेकिन सेडरिक डिगोरी – तुम्हें तो भरोसा भी नहीं होगा कि इसी बाथरूम में मैंने कितनी सारी लड़कियों को उसकी ख़ातिर प्रेम मंत्र पढ़ते सुना है... और उसके मरने के बाद रोते हुए देखा है।

एल्बस

हमारी मदद करो मीना, उसी झील में पहुँचाने में हमारी मदद करो।

रोतली मीना

तुम्हें क्या लगता है, मैं अतीत में जाने में तुम्हारी मदद कर सकती हूँ?

एल्बस

हम चाहते हैं कि तुम हमारी एक बात को राज़ रखो।

रोतली मीना

मुझे राज़ बहुत अच्छे लगते हैं। मैं किसी को भी नहीं बताऊँगी। वरना मेरा दिल दो टुकड़े हो जाए और मैं मर जाऊँ। या – भूतों के मामले में, इसी जैसा कुछ। तुम समझते हो ना।

एल्बस स्कॉर्पियस की तरफ़ सिर हिलाता है, जो काल–परिवर्तक को निकाल लेता है।

एल्बस

हम समय में यात्रा कर सकते हैं। तुम तो बस पाइपों में यात्रा करने में हमारी मदद कर दो। हम सेडरिक डिगोरी को बचाने जा रहे हैं।

रोतली मीना *(खी–खी करती है)*

अरे, यह तो मज़ेदार लगता है।

एल्बस

और हमारे पास खोने के लिए समय नहीं है।

रोतली मीना

यही सिंक तो है। यही सिंक सीधे जाकर झील में ख़ाली होता है। यह हर क़ानून को तोड़ता है, लेकिन यह स्कूल हमेशा से प्राचीन रहा है। इसके अंदर गोता लगाओ और तुम पाइपों से होते हुए सीधे झील में पहुँच जाओगे।

एल्बस सिंक में पहुँचता है, ऐसा करते समय अपना चोगा गिरा देता है। स्कॉर्पियस भी उसकी नक़ल करता है।

एल्बस स्कॉर्पियस को एक बैग में थोड़ी हरी पत्तियाँ देता है।

एल्बस

कुछ मेरे लिए और कुछ तुम्हारे लिए।

स्कॉर्पियस

जिलीवीड? हम जिलीवीड का इस्तेमाल करने वाले हैं? पानी के नीचे साँस लेने के लिए?

एल्बस

जैसा मेरे डैडी ने किया था। अब क्या तुम तैयार हो?

स्कॉर्पियस

याद रखो, इस बार हमें घड़ी नहीं हरा सकती...

एल्बस

पाँच मिनट, बस हम इतना ही समय लेंगे, क्योंकि इसके बाद हमें वर्तमान में खींच लिया जाएगा।

स्कॉर्पियस

एक बार कहो कि यह सब ठीक हो जाएगा।

एल्बस *(मुस्कुराते हुए)*

यह सब ठीक हो जाएगा। पूरी तरह। क्या तुम तैयार हो?

एल्बस जिलीवीड लेता है और नीचे जाकर ग़ायब हो जाता है।

स्कॉर्पियस

नहीं, एल्बस – एल्बस –

वह ऊपर देखता है, वह और रोतली मीना अकेले हैं।

रोतली मीना

मैं बहादुर लड़कों को पसंद करती हूँ।

स्कॉर्पियस *(थोड़ा घबराया हुआ, थोड़ा बहादुर)*

तो फिर मैं पूरी तरह तैयार हूँ। चाहे जो हो।

वह जिलीवीड लेता है और नीचे ग़ायब हो जाता है।

रोतली मीना मंच पर अकेली रह जाती है।
रोशनी का एक दैत्याकार झोंका दिखता है और आवाज़ का धमाका होता है। और समय थम जाता है। और फिर यह उलटता है, थोड़ा सोचता है और फिर तेज़ी से पीछे जाने लगता है...
लड़के जा चुके हैं।
हैरी दौड़ता हुआ नज़र आता है, उसके माथे पर गहरी त्योरी है, उसके पीछे ड्रेको, जिनी और प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल हैं।

हैरी

एल्बस... एल्बस...

जिनी

वह जा चुका है।

उन्हें लड़कों के चोगे ज़मीन पर पड़े दिखते हैं।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल *(नक़्शे को देखते हुए)*

वह ग़ायब हो चुका है। नहीं, वह हॉगवट्र्स के मैदानों के नीचे यात्रा कर रहा है, नहीं, वह ग़ायब हो चुका है –

ड्रेको

वह ऐसा कैसे कर रहा है?

रोतली मीना

वह एक काफ़ी सुंदर यंत्र का इस्तेमाल कर रहा है।

हैरी

मीना!

रोतली मीना

ऊह, तुमने मुझे पकड़ लिया। और मैं छिपने की कितनी ज़्यादा कोशिश कर रही थी। हलो हैरी।

हलो ड्रेको। क्या तुम एक बार फिर गंदे लड़के बनकर आए हो?

हैरी

वह किस यंत्र का इस्तेमाल कर रहा है?

रोतली मीना

मुझे लगता है कि यह उसका राज़ था, लेकिन हैरी, मैं तुमसे कभी कुछ नहीं छिपा सकती। ऐसा कैसे है कि तुम्हारी उम्र बढ़ने के साथ-साथ तुम और भी ज़्यादा आकर्षक हो गए हो?

हैरी

मेरा बेटा ख़तरे में है। मुझे तुम्हारी मदद चाहिए। वे क्या कर रहे हैं, मीना?

रोतली मीना

वे एक सुंदर लड़के को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। सेडरिक डिगोरी को।

हैरी को तुरंत अहसास हो जाता है कि क्या हुआ है, और वह दहशत में आ जाता है।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

लेकिन सेडरिक डिगोरी तो बरसों पहले मर गया था...

रोतली मीना

उसे बहुत विश्वास था कि वह इस समस्या से निबट लेगा। हैरी, वह भी बहुत आत्मविश्वासी है, बिलकुल तुम्हारी तरह।

हैरी

उसने मुझे बात करते सुना – एमॉस डिगोरी से... क्या उसके पास... मंत्रालय का काल-परिवर्तक। नहीं, यह असंभव है।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

मंत्रालय के पास काल-परिवर्तक है? मैंने तो सोचा था कि वे सभी नष्ट हो चुके हैं?

रोतली मीना

हर व्यक्ति इतना शरारती क्यों होता है?

ड्रेको

क्या कोई मेहरबानी करके समझाएगा कि हो क्या रहा है?

हैरी

एल्बस और स्कॉर्पियस ग़ायब और दोबारा प्रकट नहीं हो रहे हैं – वे यात्रा कर रहे हैं। वे समय में यात्रा कर रहे हैं।

अंक दो दृश्य बीस

त्रिकोणीय जादूगरी टूर्नामेंट, झील, 1995

लूडो बैगमैन

देवियो और सज्जनो, लड़को और लड़कियो, मैं आप सभी को – सबसे महान – शानदार – एक – और एकमात्र **त्रिकोणीय जादूगरी टूर्नामेंट** दे रहा हूँ! अगर आप हॉगवर्ट्स के हैं। तो मेरे लिए तालियाँ बजाएँ।

ज़ोरदार हर्षध्वनि होती है।

और अब एल्बस और स्कॉर्पियस झील में तैर रहे हैं। आकर्षक आसानी से वे पानी में नीचे उतरते हैं।

अगर आप डर्मस्ट्रैंग के हैं – तो मेरे लिए तालियाँ बजाएँ।

ज़ोरदार हर्षध्वनि होती है।

और अगर आप बाबैटन्स के हैं, तो मेरे लिए तालियाँ बजाएँ।

थोड़ी कमज़ोर हर्षध्वनि होती है।

फ्रांसीसियों की तरफ़ से थोड़ी कमज़ोर हर्षध्वनि।

और वे चल दिए... विक्टर एक शार्क है, वाक़ई है। फ्लर कमाल की दिख रही है। हमेशा साहसी हैरी जिलीवीड का इस्तेमाल कर रहा है, चतुर हैरी, बहुत चतुर हैरी – और सेडरिक – सेडरिक को देखना कितना बढ़िया है। देवियो और सज्जनो, सेडरिक झील में तैरने के लिए बुलबुले सम्मोहन का इस्तेमाल कर रहा है।

सेडरिक डिगोरी पानी में उनके पास आता है, उसके सिर के ऊपर एक बुलबुला है। एल्बस और स्कॉर्पियस एक साथ अपनी छड़ियाँ उठाते हैं और पानी के भीतर ही वृहदीकरण मंत्र मार देते हैं।

वह मुड़ता है और दुविधा में उनकी ओर देखता है। और फिर यह मंत्र उससे टकराता है। और उसके आस–पास का पानी सुनहरा हो जाता है।

और फिर सेडरिक फूलने लगता है – और फूलता है – थोड़ा और फूलता है।

वह अपने चारों ओर देखता है – पूरी तरह दहशत में। और लड़के देखते हैं, जब सेडरिक पानी में से असहाय तरीक़े से ऊपर उठता है।

लेकिन नहीं, यह क्या हुआ... सेडरिक डिगोरी पानी से बाहर निकल रहा है और लगता है कि वह प्रतिस्पर्धा से बाहर हो गया है। ओह, देवियो और सज्जनो, हमें विजेता खिलाड़ी का तो पता नहीं चल पाया है, लेकिन निश्चित रूप से पराजित खिलाड़ी का पता चल गया है। सेडरिक डिगोरी एक गुब्बारे में बदल रहा है और यह गुब्बारा उड़ना चाहता है। उड़ना, देवियो और सज्जनो, उड़ना। प्रतिस्पर्धा से उड़कर बाहर जाओ और टूर्नामेंट से उड़कर बाहर हो जाओ – ओह हो, यह भी क्या ख़ूब है। सेडरिक के चारों ओर पटाखे फूट रहे हैं, जिनमें से आवाज़ आ रही है – 'रॉन हर्माइनी से प्यार करता है' – और भीड़ को यह पसंद आ रहा है – ओह, देवियो और सज्जनो, सेडरिक के चेहरे का भाव। यह काफ़ी प्रभावी तस्वीर है, काफ़ी प्रभावी दृश्य, काफ़ी बड़ा हादसा। यह घोर अपमान है। इसके लिए कोई दूसरा शब्द नहीं है।

और एल्बस खुलकर मुस्कुराता है और पानी में स्कॉर्पियस के हाथ पर ताली मारता है।

और एल्बस ऊपर की तरफ़ इशारा करता है और स्कॉर्पियस सिर हिलाता है और वे ऊपर की तरफ़ तैरने लगते हैं। और जब सेडरिक उठता है, तो लोग हँसने लगते हैं और हर चीज़ बदल जाती है।

संसार ज़्यादा स्याह हो गया है। संसार दरअसल लगभग काला हो गया है।

और एक कौंध होती है। और एक धमाका। और काल–परिवर्तक रुक जाता है। और हम वर्तमान में पहुँच जाते हैं।

स्कॉर्पियस अचानक बाहर निकलता है, पानी को चीरता हुआ। और उसके चेहरे पर विजयी भाव है।

स्कॉर्पियस

वूऽऽऽऽऽ – हूऽऽऽऽ!

वह चारों तरफ देखता है, हैरानी में। एल्बस कहाँ रह गया? वह अपने हाथ हवा में खड़े करता है।

हमने यह कर दिया!

वह एक और पल इंतज़ार करता है।

एल्बस?

एल्बस अब भी नहीं निकलता है। स्कॉर्पियस पानी पर चलता है, वह सोचता है और फिर से पानी में डुबकी लगाता है।

वह दोबारा उसमें से निकलता है। अब पूरी तरह से दहशत में। वह चारों तरफ देखता है।

एल्बस... **एल्बस... एल्बस।**

और सर्पभाषा में एक फुसफुसाहट सुनाई देती है। जो दर्शकों तक तेज़ी से पहुँचती है। वह आ रहा है। वह आ रहा है। वह आ रहा है।

डोलोरेस अंबरिज

स्कॉर्पियस मैल्फॉय। झील से बाहर निकलो। झील से बाहर निकलो। इसी समय।

वे उसे पानी से बाहर खींचती हैं।

स्कॉर्पियस

मिस। मुझे मदद चाहिए। प्लीज़, मिस।

डोलोरेस अंबरिज

मिस? मैं कोई मिस–विस नहीं हूँ। मैं प्रोफ़ेसर अंबरिज हूँ, तुम्हारे स्कूल की हेडमिस्ट्रेस।

स्कॉर्पियस

आप हेडमिस्ट्रेस हैं? लेकिन मैं...

डोलोरेस अंबरिज

मैं हेडमिस्ट्रेस हूँ और तुम्हारा परिवार चाहे कितना भी महत्वपूर्ण हो – इससे तुम्हें ऊटपटाँग बातें करने की छूट नहीं मिल जाती है, गड़बड़ करने का बहाना नहीं मिल जाता है।

स्कॉर्पियस

इस झील में एक लड़का है। आपको मदद बुलाना चाहिए। मैं अपने दोस्त को खोज रहा हूँ, मिस। प्रोफ़ेसर। हेडमास्टर। हॉगवर्ट्स का एक विद्यार्थी, मिस। मैं एल्बस पॉटर को खोज रहा हूँ।

डोलोरेस अंबरिज

पॉटर? एल्बस पॉटर? ऐसा कोई विद्यार्थी यहाँ नहीं पढ़ता है। दरअसल बरसों से हॉगवर्ट्स में कोई पॉटर आया ही नहीं है – और बरसों पहले जो आया था, उसका अंत भी अच्छा नहीं हुआ। हैरी पॉटर, वह चिर शांति में नहीं, बल्कि अनंत निराशा में विश्राम कर रहा होगा। बहुत मुश्किलें पैदा की थीं उसने।

स्कॉर्पियस

हैरी पॉटर मर गया?

अचानक ऑडिटोरियम के चारों ओर हवा का झोंका महसूस होता है। लोगों के चारों ओर कुछ काले चोगे उठते हैं। काले चोगे, जो काला आकार ले लेते हैं। जो दमपिशाच बन जाते हैं।

ऑडिटोरियम में दमपिशाच उड़ते हैं। काले घातक आकार, काली घातक शक्तियाँ। उनसे डरना लाज़िमी है। और वे कमरे में भरे उत्साह को चूस लेते हैं।

हवा चलती रहती है। यह नरक है। और फिर कमरे के ठीक पीछे से और हर एक के चारों ओर फुसफुसाहटें होती हैं। शब्द एक ऐसी आवाज़ में कहे जाते हैं, जिसे समझने में गलती नहीं हो सकती। वोल्डेमॉर्ट की आवाज़...

हैऽऽऽरी पॉऽऽऽटर...

हैरी का सपना सच हो गया है।

डोलोरेस अंबरिज

क्या तुमने वहाँ कोई अजीब चीज़ निगल ली है? हममें से किसी को बताए बिना मगलू बन गए? हैरी पॉटर को मरे बीस साल से ज़्यादा समय हो चुका है। वह स्कूल में हुए एक असफल विद्रोह का हिस्सा था – वह डम्बलडोर के आतंकवादियों में से एक था जिन्हें हमने हॉगवर्ट्स के युद्ध में बहादुरी से पराजित किया था। अब चलो – मैं नहीं जानती कि तुम कौन सा खेल खेल रहे हो लेकिन तुम्हारी वजह से दमपिशाच विचलित हो रहे हैं और वोल्डेमॉर्ट दिवस पूरी तरह से बर्बाद हो रहा है।

सर्पभाषा की फुसफुसाहटें ज़्यादा तेज़ और तेज़ होती हैं बहुत शैतानी ढंग से तेज़ हो जाती हैं। और मंच पर दैत्याकार बैनर नीचे आते हैं, जिन पर सर्प के प्रतीक बने हुए हैं।

और इस सबके बीच में स्कॉर्पियस दहशत में खड़ा है।

स्कॉर्पियस

वोल्डेमॉर्ट दिवस?

पर्दा गिर जाता है। अंधकार।

खंड एक का अंत